

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 30 अप्रैल 2025

संवत 2082, वैशाख शुक्ल 3 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 235 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ अक्षय तृतीया : बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य करने का दिन

टाइगर श्रॉफ को जान से मारने की धमकी के मामले में बड़ा खुलासा ◀◀ 6


# कोलकाता के ऋतुराज होटल में लगी आग, 14 लोगों की मौत



**कोलकाता:** मध्य कोलकाता के बड़ाबाजार में फलपट्टी मछुआ के पास ऋतुराज होटल में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, मंगलवार रात ऋतुराज होटल में आग लग गई। अब तक 14 शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं कई लोगों को आपातकालीन टीमों ने बचा लिया है। मौके पर पहुंचे कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने कहा, परिसर में घना धुआं भर गया और अधिकांश पीड़ितों की मौत दम घुटने से हुई। छत से कूदकर भागने की कोशिश करते समय एक व्यक्ति की मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। मनोज वर्मा ने कहा, अगर कोई लापरवाही या गड़बड़ी सामने आती है, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटनास्थल पर दस दमकल गाड़ियां भेजी गईं। करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद भी दमकल ने आग पर काबू पा लिया। बचाव कार्य अभी भी जारी है।

गौरतलब है कि यह होटल सेंट्रल एवेन्यू और बिधान सरानी को जोड़ने वाली सड़क पर स्थित है और यह काफी भीड़भाड़ वाला मार्ग है। महापौर फिरहाद हकीम ने मंगलवार रात को ही घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, आग दूसरी मंजिल पर लगी और तेजी से इमारत की दूसरी मंजिलों तक फैल गई। दमकलकर्मी फिलहाल प्रभावित इलाकों को ठंडा करने में लगे हैं, ताकि बचाव अभियान सुरक्षित तरीके से जारी रखा जा सके। एक फॉरेंसिक टीम के घटनास्थल पर आने की उम्मीद है, और उनकी जांच के बाद ही आग का सही कारण पता चल पाएगा।

## मंदिर की दीवार गिरने से 8 श्रद्धालुओं की मौत, कई घायल

**विशाखापत्तनम:** आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम जिले के प्रसिद्ध सिंहचलम मंदिर के पास बुधवार तड़के दीवार गिरने से तीन महिलाओं समेत कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घटना कथित तौर पर तडके करीब तीन बजे घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारी बारिश और तेज हवा के कारण दीवर गिर गई। हादसे के समय काफी संख्या में श्रद्धालु वार्षिक चंदनोत्सवम उत्सव के अवसर पर श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी के निजरूपा दर्शन के लिए 300 रुपए की टिकट खरीदने के लिए लाइन में इंतजार कर रहे थे।

घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला कलेक्टर एमएन हरेंधीरा प्रसाद, विशाखापत्तनम के सांसद एम। श्रीभारत और पुलिस आयुक्त शंकरब्रत बागची घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस, अग्निशमन और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और बचाव अभियान चला रही हैं। मलबा हटाया जा रहा है और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वी अनिता राहत कार्यों की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंचीं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में दीवार गिरने से हुई लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 02-02 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000-50,000 रुपये दिए जाएंगे। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने एक्स पर घटना पर दुख जताते हुए कहा कि घटना कथित तौर पर भारी बारिश के कारण हुई। जिला कलेक्टर और पुलिस आयुक्त से बात की है और घायलों के लिए सर्वोत्तम उपचार के लिए कहा है और स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं।

## टांगी से काटकर युवक की हत्या आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**बोकारो:** पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी गांव में टांगी से हमला कर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान पिछरी गांव निवासी विपुल मिश्रा (उम्र 25 वर्ष), पिता- गुलचंद कुमार मिश्रा के रूप में हुई है।परिजनों ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब 7 बजे विपुल को उसके तीन दोस्तों ने घर से बुलाया था। इसके बाद वह देर रात तक वापस नहीं लौटा। इस बीच रात करीब 11 बजे ग्रामीणों द्वारा उसका शव बीरोह टांड के जंगल में देखा गया। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। इधर, पुलिस ने शव मिलने की जानकारी परिजनों की दी, जिससे पूरे परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा की तत्परता से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए बोकारो पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और न्यूटन डॉग की सहायता से जांच शुरू कर दी गई है। पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा ने बताया कि घटना की तह तक पहुंचने के लिए हर पहलू से जांच की जा रही है। इस हत्याकांड के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमडलीय अस्पताल भेज दिया गया है। इधर घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने जैनामोड़-फुसरो राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पेटरवार पुलिस पर हमलोगों को भरोसा नहीं है। एसपी खुद घटनास्थल पर पहुंचे, उसके बाद ही जाम हटाया जाएगा।



## पाक ने फिर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन, एलओसी पर कर रहा लगातार गोलीबारी, भारत ने दिया माकूल जवाब

**जम्मू:** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में नियंत्रण रेखा पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। रक्षा प्रवक्ता ने बुधवार सुबह यहां कहा कि 29-30 अप्रैल की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की।

उन्होंने कहा कि कश्मीर संभाग के बारामुल्ला और कुपवाड़ा जिलों में नियंत्रण रेखा के पार और परगवाल सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार उनकी (पाकिस्तानी) चौकियों से पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई। उन्होंने कहा, ह्यभारतीय सेना के जवानों ने तेजी से और माकूल जवाब दिया।

पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार रात को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जम्मू के रामगढ़ और परगवाल इलाकों में संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान ने सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर और जम्मू के अखनूर के परगवाल इलाके में छोटे हथियारों से गोलीबारी की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। इन घटनाओं में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

## सड़क किनारे मिला शव, पत्थर से कूचकर हत्या की आशंका

**खूंटी:** जिले के लांदुप सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का शव मारंगहादा थाना की पुलिस ने बरामद किया है। प्रथम दृष्या युवक की हत्या पत्थर से कूचकर की गई लगता है। ग्रामीणों की सूचना पर मारंगहादा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

सूचना पर मारंगहादा थाना प्रभारी शंकर विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे और जांच के बाद शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत युवक कौन है और लांदुप इलाके में कैसे पहुंचा और किसने उसकी हत्या की, सभी बिंदुओं पर पुलिस अनुसंधान कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्या हत्या की प्रतीत होता है। जांच में मृत युवक की पहचान नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी ने कहा कि युवक की हत्या संभवतः पत्थर से कूचकर की गई है। मृत युवक का पहनावे के अनुसार आसपास के होने का संभावना जताई जा रही है।

गौरतलब है कि तीन माह पहले मारंगहादा थाना क्षेत्र के करोड़ा जंगल से एक अज्ञात युवती का शव बरामद किया गया था। तीन माह के बाद भी उस अज्ञात युवती की शिनाख्त अभी तक मारंगहादा पुलिस नहीं कर पाई है। बताया जा रहा है कि उक्त युवती की हत्या गला दबाकर की गई थी। थाना प्रभारी शंकर विश्वकर्मा ने बताया कि लांदुप से बरामद हुए अज्ञात युवक के शव का शिनाख्त के लिए आसपास के थाना सहित क्षेत्र के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## झारखंड के 5 मजदूरों को आतंकियों ने किया अगवा, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल




**गिरीडीह:** जम्मू-कश्मीर के लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब झारखंड के गिरिडीह के 5 श्रमिक आतंकी के चंगुल में फंस गए हैं।

**श्रमिकों की चिंता में परिजनों का रो रोकर बुरा हाल:** जानकारी के मुताबिक वेस्ट अफ्रीकन कंट्री नाइजर में काम के दौरान आतंकी हमला हुआ जिसके बाद से रोजगार की तलाश में नाइजर गए गिरिडीह के 5 मजदूर गायब हैं। अभी ये लोग मिले नहीं है और जिस कंपनी के द्वारा इन्हें काम पर लगाया गया था वह इन्हें ढूढने में लगी हुई है। यहां के जो अन्य लोग नाइजर में हैं, वे भी कम्पनी के साथ मिलकर स्थानीय स्तर से जानकारी जुटा रहे हैं। श्रमिकों की चिंता में उनके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजन लगातार झारखंड सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। परिजन केंद्र सरकार और राज्य सरकार से अपील कर रहे हैं कि किसी भी हाल में उनके प्रियजनों को सुरक्षित भारत वापस लाया जाए।

**श्रमिकों से कोई भी संपर्क नहीं हो रहा:** श्रमिकों की अगवा होने की सूचना पर बगोदर-सरिया अनुमंडल पदाधिकारी संतोष कुमार गुप्ता दोंदलो और मुंडरो गांव पहुंचे। मजदूरों के परिजनों ने बताया कि सभी मजदूर जनवरी 2024 में नाइजर गए थे। वहां केपीटीएल नामक ट्रांसमिशन कंपनी में काम करते थे। परिजनों ने बताया कि उसी कंपनी में काम करने वाले मजदूरों ने घटना की जानकारी दी है जिसमें बताया कि सशस्त्र अपराधियों का जत्था कैंप में पहुंचकर सुरक्षा गार्ड में तैनात सुरक्षाकर्मियों पर हमला बोल दिया। सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की है। इस दौरान 12 सुरक्षाकर्मियों की मौत होने की बात कही गई। परिजनों ने बताया कि बीते सप्ताह परिजनों से बातचीत भी हुई है, लेकिन 25 अप्रैल से अपराधियों के द्वारा बंधक बनाये जाने की सूचना दी गयी। परिजनों का कहना है कि श्रमिकों से कोई भी संपर्क नहीं हो रहा है। वहीं, बगोदर-सरिया अनुमंडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने बताया कि अभी तक मजदूरों के बंधक बनाये जाने को लेकर किसी भी तरह डिमांड नहीं की गयी है। उन सबके द्वारा क्यों कब्जा में लिया है, यह पता नहीं चल पाया है। उन्होंने मजदूरों के परिजनों को हिम्मत बनाये रखने की बात कही है।

## अक्षय तृतीया पर चारधाम यात्रा का श्रीगणेश

## गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुले

### केदारनाथ के 2 और बद्रीनाथ के 4 मई को खुलेंगे



**हरिद्वार :** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर चारधाम यात्रा 2025 की विधिवत शुरूआत हो गई है। आज गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। गंगा की डोली गंगोत्री पहुंच चुकी है और वहां 10:57 बजे कपाट खोले गए। वहीं यमुनोत्री धाम के कपाट सुबह 11:55 बजे खोले गए। दोनों धामों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और गंगोत्री में हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी हुई।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं गंगोत्री धाम पहुंचे और पूजा में भाग लिया। यहां करीब 1,000 से ज्यादा श्रद्धालु पहले दिन उपस्थित रहे, जबकि यमुनोत्री में पहले ही दिन 10,000 से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

चारधाम यात्रा के दो अन्य धामों–केदारनाथ के कपाट 2 मई को और बद्रीनाथ के कपाट 4 मई को खोले जाएंगे। पिछले साल भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से केदारनाथ यात्रा 15 दिनों तक बाधित रही थी, इसके बावजूद 48.11 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। इस बार अब तक 20 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं, और सरकार को उम्मीद है कि यह आंकड़ा 60 लाख से ऊपर पहुंच सकता है।

## घर से मिला महिला का सड़ा शव, जांच में जुटी पुलिस



**पलामू:** जिले के रेहला थाना क्षेत्र के बी मोड़ के पास एक घर से महिला का सड़ा हुआ शव बरामद किया गया। मृतिका की पहचान स्व।रामनाथ विश्वकर्मा की 44 वर्षीय पुत्री आरती देवी के रूप में हुई है। आरती के चेहरे पर चोट के कुछ निशान पायें गये हैं, जिसके आधार पर हत्या की आशंका जतायी जा रही है। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

**मायके में अकेली रहती थी आरती :** जानकारी के अनुसार आरती देवी की शादी लगभग 25 साल पहले गढ़वा जिला के वंशीधर नगर में हुई थी। शादी के 15 साल बाद उसके पति की मौत हो गई। पति की मौत के बाद से आरती पलामू में अपने माता-पिता के साथ रहने लगी थी। माता-पिता के निधन के बाद से आरती अकेली रह रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 3-4 दिनों से आरती को किसी ने नहीं देखा था। इसी बीच आज बुधवार की सुबह जब उसके घर से बदबू आने लगी तो स्थानीय लोगों ने रेहला पुलिस को इसकी सूचना दी।

**4-5 दिन पूर्व हत्या की आशंका:** सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब आरती के घर पहुंची तो दरवाजा खुला मिला। घर के अंदर जाने पर आरती का शव जमीन पर पड़ा मिला। शव पूरी तरह से फूला हुआ था और उससे दुर्गंध आ रही थी। शव को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि आरती की मौत 4-5 दिन पूर्व ही हुई होगी। आरती के चेहरे पर चोट के कुछ निशान पायें गये हैं, जिसके आधार पर हत्या की आशंका जतायी जा रही है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी संभालेंगे कमान

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया और पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया। बोर्ड के अन्य सदस्यों में पूर्व पश्चिमी वायु सेना कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मोंटी खन्ना हैं, जो सैन्य सेवाओं से रिटायर अधिकारी हैं।

इसके अलावा भारतीय पुलिस सर्विस से रिटायर होने वाले राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह और रिटायर आईएफएस वेंकटेश वर्मा को भी सात सदस्य वाले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में शामिल किया गया है।



**क्या है बोर्ड का काम? :** बता दें कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड मल्टी डिसिप्लनिरी बॉडी है, जिसमें सरकार के बाहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होते हैं। इनका मुख्य कार्य राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को लॉन्ग टर्म विश्लेषण प्रदान करना और उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों के लिए समाधान और नीति विकल्पों की सिफारिश करना है।

यह निर्णय पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद लिया गया है, जिसमें एक नेपाली नागरिक सहित 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। इससे पहले पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर बुलाई गई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक आज दोपहर संपन्न हुई।

न्यूज IN ब्रीफ



## कांटाडीह में फुलकुंदी संपन्न

**मुरी :** सिंगपुर के कांटाडीह टोला में आज नंगे पांव से आग पर चलने की परम्परा जय भोलेनाथ के जयकारे के साथ संपन्न हो गयी। इससे पहले कांटाडीह के ग्रामीण नदी में स्नान कर टोला के चौपाल में लकड़ी की जलती हुई आग को बारी- बारी से महिलाएं और पुरुष नंगे पांव चल कर पार किया। इसके पीछे ग्रामीण की आस्था है कि भोले बाबा हम सब की रक्षा करेंगे। इस आस्था का दूसरा नाम मंडा पूजा से जाना जाता है। शिव मंदिर के समक्ष मन्नत के साथ पाठा का बलि चढ़ाया गया। इस पूजा को सफल बनाने में अनिल महतो, देवेन्द्र महतो,अनुप महतो, मुकेश महतो,राजेन महतो,पवन महतो समेत दर्जनों सक्रिय ग्रामीण नवयुवक से सहयोग किया।

## आधार सीडिंग शिविर का आयोजन

**खलारी :** लपरा पंचायत सचिवालय में मंगलवार को डीसी मंजूनाथ भजंत्री के दिशा निर्देश पर आधार सीडिंग शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में मुख्य रूप से मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की आधार सीडिंग का कार्य किया गया। नावाडीह, जोभिया, हेस, लपरा, चट्टीनदी आदि जगहों से आये 62 लाभुकों का आधार सीडिंग किया गया। इस अवसर पर लपरा मुखिया पुतुल देवी, रोजगार सेवक विश्वरंजन कुमार, आशीष कुमार, सोनू यादव, संतोष प्रजापति, मनीष गिरि अन्य मौजूद थे। वही मायापुर पंचायत सचिवालय में भी शिविर का आयोजन किया गया। मायापुर पंचायत के केदल, चिनाटांड़, कोनका दुल्ली आदि जगहों से आये 70 लाभुकों का आधार सीडिंग किया गया। मौके पर मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो, मुकेश भुइयां, रमेश गंझू, अन्य मौजूद थे।

## जिला परिवहन विभाग ने अवैध पार्किंग के विरुद्ध चलाया अभियान



**बालूमाथ (लातेहार):** जिला परिवहन विभाग और बालूमाथ पुलिस ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संयुक्त अभियान चलाकर अवैध पार्किंग करने वाले करीब 30 मोटरसाइकिल वाहनों से 19,500 रुपये फाइन की वसूली किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी कि बालूमाथ में मंगलवार को साप्ताहिक हाट वाले दिन सड़क किनारे एवं कई जगह पर मोटरसाइकिल चालकों द्वारा अवैध पार्किंग कर दिए जाने से जाम लग जा रहा है वहीं बालूमाथ अस्पताल में पार्किंग लगा दिए जाने के कारण इलाज करने आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जिसके आलोक में यह कारवाई की गई है । मौके पर जिला परिवहन विभाग से ऋषिराज मोहम्मद तनवीर समेत बालूमाथ थाना एस।आई गौतम कुमार समेत पुलिस बल के कई जवान उपस्थित थे।

## पुलिस ने हथियार के साथ पांच अपराधियो को किया गिरफ्तार



**बालूमाथ (लातेहार ):** बालूमाथ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है । पुलिस ने टीएसपीसी संगठन के नाम पर लेवी वसूलने वाले 5 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । इस संबंध में बालूमाथ थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी ने बताया कि चतरा जिले के एनटीपीसी टंडवा से लातेहार के बालूमाथ के आरा( मगध कोलियरी) तक कन्वेयर बेल्ट का निर्माण कार्य किया जा रहा है।ठेकेदार एवं एनटीपीसी के अधिकारियों को फोन कर टीएसपीसी संगठन के भास्कर उर्फ पर्वत जी के नाम से लेवी मांग की जा रही थी ।साथ ही आरा में चल रहे कन्वेयर बेल्ट निर्माण कार्य को बंद करा दिया था ।जिसके बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर छापेमारी टीम का गठन किया गया। सूचना प्राप्त हुई कि सोमवार देर रात आरा गांव से सटे जंगल में कुछ संदिग्ध लोगों के एकत्रित हुए है ।जहां मौके पर से पुलिस ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया।वहीं दो अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे । वही गिरफ्तार अपराधी पास से एक पिस्टल,जिंदा कारतूस 7,3-3चितकबरा टी-शर्ट,पजामा,टीएसपीसी पर्चा 8,लेटरपैड 2,दोकीपैड मोबाइल,पांच एंड्राइड मोबाइल बरामद किया गया है। वही गिरफ्तार अपराधियों में उपेंद्र उराँव 20 वर्ष पिता बुधराम उराँव ग्राम ओलहेपाट, निरंजन उराँव 21 वर्ष पिता भुनेश्वर उराँव ग्राम बघोता,शेरेगड़ा,बबलू यादव 32 वर्ष पिता भवानी यादव पुंदुरलावा,शेरेगड़ा, अशोक साव 55 वर्ष पिता गोविंद साव ग्राम आरा थाना बालूमाथ निवासी एवं बालेश्वर उरांव 50 वर्ष पिता स्व। मंगरा उराँव ग्राम सुइयाटांड थाना टंडवा जिला चतरा निवासी का नाम शामिल है । इस संबंध में बालूमाथ थाना कांड संख्या 40 / 25 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार सभी अपराधियों को लातेहार जेल भेज दिया गया है।

### स्वास्थ्य योजनाओं पर आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री

# इलाज में लापरवाही न बरतने की अपील

संवाददाता

1,लीड

**रांची :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मंगलवार को रांची के एक होटल में आयोजित कार्यशाला में हिस्सा लिया। यह कार्यशाला आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना और अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आम जनता को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में राज्य में बेहतरीन डॉक्टरों की नियुक्ति की जा रही है और रिम्स की व्यवस्था को भी लगातार बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने एआई तकनीक के माध्यम से इलाज की दिशा में भी काम करने की बात कही।



डॉ. अंसारी ने निजी अस्पतालों से अपील की कि वे मरीजों के इलाज में लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि जब तक योजना के तहत भुगतान होता है, अस्पताल इलाज करते हैं, लेकिन बाद में मरीजों को रेफर कर दिया जाता है, जिससे गंभीर स्थिति में मौतें होती हैं। यह अमानवीय है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि कोई परेशानी हो तो अस्पताल प्रबंधन सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

मातृ और शिशु मृत्यु दर में आई कमीः कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में मातृ मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में कमी आई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में लगभग 31,000 बेड हैं, जबकि आवश्यकता 1.13 लाख बेड की है। उन्होंने निजी और सरकारी अस्पतालों से समन्वय बनाकर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की अपील की।

गाइडलाइन अनुपालन पर जोरः झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक अबु इमरान ने निजी अस्पतालों से सरकारी गाइडलाइनों का सौ प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छोटे अस्पतालों में प्रशिक्षित कर्मियों की कमी है, जिसके कारण वे गाइडलाइनों को सही तरीके से नहीं समझ पा रहे हैं। उन्होंने राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना और वय वंदन योजना में भी पंजीकरण की जरूरत पर बल दिया।

**प्रशिक्षण और सहभागिता:** कार्यशाला में अस्पताल प्रबंधन को योजना से जुड़ी प्रक्रियाओं, शिकायत निवारण और कैपेसिटी अपडेट जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर सभी जिलों के सिविल सर्जन, शहरी क्षेत्र के 50 बेड से कम और ग्रामीण क्षेत्र के 30 बेड से कम के अस्पतालों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# जेएमएम जिला अध्यक्ष को हटाने की मांग लेकर सड़क पर उतरे हजारों कार्यकर्ता




संवाददाता

,4

**खूंटी:** जिले की सड़कों पर फिर एक बार गूंजा जेएमएम जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद हटाओ पार्टी बचाओ, जुबेर अहमद नहीं चलेगा नहीं चलेगा का नारा। हजारों हजार की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता हाथों में पोस्टर और बेनर लेकर सड़क पर उतरे और जम कर नारेबाजी की और पार्टी अध्यक्ष शह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से खूंटी के जेएमएम जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद को तत्काल पद से हटाने की मांग की।

लगातार खूंटी में जेएमएम कार्यकर्ताओं द्वारा खूंटी के वर्तमान जिला अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग होती रही है, जिसे लेकर पार्टी के केंद्रीय सदस्य और प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में कई बार रैली और सभाएं की गई। पर पार्टी के आलाकमानों के द्वारा कोई करवाई नहीं की गई। आखिर पार्टी को खूंटी के जेएमएम जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद के क्या लगाव है, जो पार्टी के हजारों कार्यकताओं की मांग को हमेशा ठुकराया जा रहा है। कही पार्टी के शीर्ष पर बैठे लोगों को ये तो नहीं लगने लगा है कि खूंटी और तोरपा में जो दो विधायक जीत के आए है वो सिर्फ जुबेर अहमद के बदौलत ही है, खूंटी में पार्टी सिर्फ एक के ही भरोसे चल रही है। पार्टी के कार्यकताओं ने अभी कुछ दिन पहले ही खूंटी के डाकबंगला में एक सभा कर के प्रेस वार्ता के माध्यम से अपनी बात पार्टी के समक्ष रखी थी, और कार्यकर्ताओं की बात न मानने पर जन आक्रोश यात्रा निकलने और सड़क पर उतरने की बात कही थी। फिर भी पार्टी के ओर से कोई करवाई नहीं हुई, आखिरकार आज पार्टी के कार्यकर्ताओं को मजबूर होकर अपनी बात रखने और पार्टी अध्यक्ष तक पहुंचने के लिए सड़क पर उतरने ही पड़ा। इस जन आक्रोश यात्रा में हजारों जेएमएम कार्यकर्ता ने अपने हाथों में जुबेर हटाओ पार्टी बचाओ, जुबेर अहमद नहीं चलेगा का बेनर थम रखा था। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जुबेर काफी दिनों से पद पर बने है जो पार्टी हित में सही नहीं है, और उनके द्वारा पार्टी कार्यकताओं की बात नहीं सुनी जाने, किसी को कोई भी कम हो उनका फोन नहीं लगता, पता नहीं कितना नंबर ले रखा है उन्होंने। लोगो ने कहा कि इस संदर्भ में जन भी पार्टी अध्यक्ष हेमंत सोरेन से मिलने की बात फोन पर होती है, और हमें टाइम दिया जाता है, पर जब हम मिले पहुंचते है तो वो फोन नहीं उठते या बोल दिए जाता है वो कही बाहर गए है। क्या कारण है जो हमारी बातों को नहीं माना जा रहा है और हमारे आंदोलन को भी नजर अंदाज किया जा रहा है, जो भी पर यह रवैया पार्टी के हित के लिए सही नहीं है इससे पार्टी टूटेगी। आज के जन आक्रोश यात्रा खूंटी के कचहरी मैदान से शुरू होकर नेताजी चौंक तक आई और पुनः कचहरी मैदान पहुंच कर समाप्त हुई। जिसमें पांच हजार के करीब कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली में आए लोगो ने कहा कि जब तक पार्टी हमारी मांगों को नहीं मानती और जुबेर अहमद को पद से नहीं हटाती यह आंदोलन चलता रहेगा।

## झारोटेफ का ध्यानाकर्षण रैली-सह-ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित



**चतरा:** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एंप्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ) की हंटरगंज प्रखंड इकाई द्वारा कर्मचारियों के 3 प्राथमिक एवं 8 विशिष्ट माँगो के लिए राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित कराने हेतु संघअपने दूसरे चरण का आंदोलन मे मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय हंटरगंज में ध्यानाकर्षण रैली-सह-ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया।मौके पर संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष उमेश कुमार और जिला संयोजक अनुप कुमार ने बताया कि अन्य राज्य कर्मियों की तरह ही शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ देने, राज्यकर्मियों की सेवानिवृति की उम्र 62 वर्ष करने तथा केंद्रीय कर्मियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ प्रदान करने वही विशिष्ट मांग में एनपीएस में जमा राशि को वापस लाने की कदम उठायी जाय, सीमित प्रतियोगिता में सम्मलित होने की अनुमति, गैर लाभकारी संशोधनों को वापस लिया जाए, परिवहन भत्ता का लाभ,300 दिनों से अधिक अवकाश उपार्जित, लिपिक संवर्ग के लिए एक समान सेवा नियमावली लगी, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को लिपिक संवर्ग में नियमित प्रोन्नति, संविदा/आउटसोर्सिंग बहाली की परिपाटी को खत्म किया जाय।इत्यादि न्यायोचित मांगो के संबंध में यह आंदोलन पूरे राज्य भर में चलाया जा रहा है। इस मौके पर विनय कुमार सिंह,आशुतोष कुमार सिन्हा, पप्पू कुमार यादव, यशवंत कुमार यादव, नवरदेश्वर गुप्ता, कृष्णा कुमार, ओमप्रकाश महतो, आलोक कुमार सिंह, राकेश कुमार समेत हंटरगंज प्रखंड के दर्जनों कर्मियों ने भाग लिया।

## सोनाडुबी नदी की करायी सफाई

**खलारी:** मोनेट डेनियल कोल वासरी प्रबंधन ने भूतनगर के निकट सोनाडुबी नदी की सफाई की गई। नदी में कोयला खदान का ओबी और कीचड़ भर गया था। डकरा खदान से कोयला उत्पादन के क्रम में निकला ओबी सोनाडुबी नदी में कीचड़ जमा हो गया था। भूतनगर की काफी आबादी पानी के लिए सोनाडुबी नदी पर ही निर्भर है। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए मोनेट प्रबंधन ने मशीन भेजकर नदी से कीचड़ व ओबी हटवाया। इस पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने इस नेक कार्य के लिए मोनेट प्रबंधन का आभार जताया है। वहीं सीसीएल प्रबंधन से सोनाडुबी नदी को प्रदूषित नहीं करने की अपील की है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

# अवैध खनन परिवहन व भंडारण की रोकथाम को लेकर निरंतर छापेमारी चलाने का निर्देश

- अवैध परिवहन में जब्त 99 वाहनों से 22 लाख 21 हजार 796 जुर्माना राशि की वसूली
- वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 145 वाहनों को जब्त करते हुए 83 पर प्राथमिकी

संवाददाता

**चतरा:** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में खनिजों के अवैध खनन परिवहन व भंडारण की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई।बैठक में बीते 29 मार्च को हुए जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन परिवहन व भंडारण के रोकथाम हेतु दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई एवं आवश्यक कई दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान आम्रपाली महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि विगत बैठक में दिये गए निदेश के अनुपालन में सीसीएल आम्रपाली प्रबंधन द्वारा रोड स्वैपिंग मशीन- 1 और फॉग कैनन - 2 क्रय कर लिया गया है। शीघ्र ही परियोजनान्तर्गत इसका संचालन किया जायेगा। इस पर उपायुक्त ने 15 दिनों के अन्दर उक्त मशीनों का संचालन करना सुनिश्चित करने को कहा। विगत बैठक में दिये गए निदेश में आम्रपाली प्रबंधन द्वारा कोयला




खनन परियोजना से शिवपूर साईडिंग तक कोयला परिवहन में सीटीओ के अनुपालित और सभी बिन्दुओं का निरीक्षण नहीं किये जाने पर जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, क्षेत्रिय पदाधिकारी, जेएसपीसीबी हजारीबाग एवं अंचल अधिकारी, टण्डवा के प्रति अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने निदेशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से आम्रपाली परियोजना क्षेत्र का नियमित जाँच करना सुनिश्चित करेंगे।साथ ही अवैध खनन के विरूद्ध अंचलवार / कार्यालयवार कृत कार्रवाई की समीक्षा की गई। समीक्षा में अवैध खनन / परिवहन के विरूद्ध धीमी कार्रवाई पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों को विशेषकर सभी अँचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को अपने क्षेत्रान्तर्गत अभियान में तेजी लाते हुए अवैध बालू/पत्थर / कोयला खनिज के मामले में अवैधकर्त्ता के विरूद्ध प्राथमिकी/नियमानुसार दण्ड राशि की वसूली की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सभी अँचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी, जिला चतरा विशेषकर सदर / हंटरगंज / सिमरिया एवं गिद्धौर अंचल को निदेशित किया गया कि अपने क्षेत्रान्तर्गत पत्थर लदे परिवहन कर रहे वाहनों की औचक जाँच नियमित रूप से करें। जाँच में ई-परिवहन चालान में अंकित मात्रा से अधिक खनिज का परिवहन / ई-चालान पुनरावृत्ति/ओवर लोडिंग आदि मामलों का प्रकाश में आने पर अवैध परिवहनकर्त्ता के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि माह अप्रैल, 2025 में 02 पत्थर खनन पट्टों की प्रशाखीय मापी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस पर उन्होंने निदेशित करते हुए कहा शेष चालू पत्थर खनन पट्टों का अगले दो सप्ताह के अन्दर पूर्ण कर मापी प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे। आगे खनन पदाधिकारी ने अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध माह- मार्च तक का तुलनात्मक कार्रवाई प्रतिवेदन की जानकारी देते हुए कहा वित्तीय वर्ष 2023-2024 में खनिज लोड पकड़े गए। 154 वाहनों को जब्त करते हुए 92 प्राथमिकी दर्ज की गई है। अवैध परिवहन में 199 वाहनों को जप्त किया गया। जुर्माना राशि के रूप में 31 लाख 61 हजार 623 रुपया की वसूली की गई है। वहीं 2024 - 25 में अब तक खनिज लोड 145 वाहनों को जब्त करते हुए 83 प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं अवैध परिवहन में जब्त 99 वाहनों से 22 लाख 21 हजार 796 रुपया की जुर्माना राशि वसूल की गई है। वहीं उपायुक्त ने अनुमण्डल पदाधिकारी एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी को कहा कि जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की प्रत्येक बैठक के 15 दिनों के पश्चात अनुमण्डल स्तर पर अनुपालन की समीक्षा बैठक करते हुए कार्यवाही प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं ताकि जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की अगली बैठक में विस्तृत समीक्षा की जा सके।बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला खनन पदाधिकारी मनोज कुमार टोप्पो, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, सभी संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, टंडवा कोल परियोजनाओं के अधिकारी, सभी संबंधित अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

# नये बिजली टैरिफ की घोषणा आज बढ़ी दर कल से होगी प्रभावी

संवाददाता



**रांची:** झारखंड के लोगों को बिजली बिल का झटका लगने वाला है। झारखंड विद्युत नियामक आयोग, जेबीवीएनएल की बिजली टैरिफ पर जनसुनवाई पूरी करने के बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 के नए बिजली दर की घोषणा बुधवार 30 अप्रैल को दोपहर तीन बजे करने जा रही है। पिछले दो वर्षों से टैरिफ में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। बिजली की नई दर एक मई से लागू होगी।

जानकारी के मुताबिक बिजली की दरों में वृद्धि होने की संभावना है। इसके साथ-साथ मासिक फिक्स्ड चार्ज में भी बढ़ोतरी हो सकती है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने विद्युत नियामक आयोग के समक्ष 2 रुपया प्रति यूनिट बिजली की दर बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। वर्तमान में शहरी क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं का बिजली दर 6 रुपया 65 पैसे प्रति यूनिट है, जिसे 8 रुपया 65 पैसा प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव दिया गया था। वहीं फिक्स्ड चार्ज को भी 100 रुपये से 200 रुपया प्रतिमाह करने का प्रस्ताव जेवीवीएनएल के द्वारा दिया गया था। ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं की करें तो इसकी वर्तमान बिजली दर 6.30 रुपये से बढ़ाकर 8 रुपये प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव जेबीवीएनएल के द्वारा दिया गया है। वहीं फिक्स्ड चार्ज भी 75 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपए करने का है।

# राज्य में 4 दिन तक मौसम रहेगा खुशमिजाज गरज और वज्रपात के साथ होगी बारिश



**रांची:** राज्य में कभी गर्मी तो कभी बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। राज्य में भीषण गर्मी की मार झेल रहे लोगों को राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग ने राज्य में आज बारिश की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के मुताबिक आज से 3 मई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। इस दौरान गरज, मेघ गर्जन और वज्रपात की चेतावनी भी है। मौसम विभाग के मुताबिक 4 मई से केवल बादल छाए रहने की संभावना है। भारी बारिश की चेतावनी नहीं है। मौसम विभाग ने कहा कि अलर्ट को देखते हुए सतर्क और सावधान रहें। सुरक्षित स्थान में शरण लें। पेड़ के नीचे खड़ा नहीं रहें। बिजली के पोल से दूर रहें। किसान अपने खेत में नहीं जाएं। मौसम सामान्य होने का इंतजार करें। बिजली के उपकरणों का उपयोग नहीं करें।

दरअसल, 29 अप्रैल की दोपहर बाद आसमान में काले बादलों की दस्तक के साथ रांची समेत राज्य के कई जिलों में बारिश हुई। गरज-तड़क और तेज हवाओं के साथ हुई इस बारिश ने मौसम को न सिर्फ सुहावना बना दिया, बल्कि पारे में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। पहले राज्य में पारा 40 के पार पहुंच गया था, लेकिन अब तापमान 40 से नीचे गिर चुका है।

# 7 मई तक रद्द रहेगी झारखंड से चलने वाली 16 ट्रेनें, कई के रूट बदले गये




**जमशेदपुर :** अगर आप मई के माह में टाटा से मुंबई ट्रेन से जाने की योजना बना रहे हैं तो आपको एक बार ट्रेनों की लिस्ट जरूर देख लेनी चाहिए। क्योंकि 6 मई तक 16 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इसकी बड़ी वजह नागपुर डिवीजन में डेवलपमेंट काम का होना है। इसके तहत शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन 4 मई, हावड़ा सीएमएसटी मुंबई ट्रेन 2 और 4 मई को रद्द रहेगी।

कौन-कौन ट्रेनों को किया गया रद्द

इसके अलावा सीएमएसटी मुंबई हावड़ा मेल ट्रेन 4 और 6 मई को, कामाख्या मुंबई लोकमान्य तिलक ट्रेन 3 मई को, लोकमान्य तिलक कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन 6 मई को रद्द रहेगी। इसी तरह शालीमार लोकमान्य तिलक मुंबई एक्सप्रेस 3 मई को डायवर्ट होकर चलेगी। वहीं, टाटानगर इतवारी एक्सप्रेस 1 मई से 5 मई को बिलासपुर तक जाएगी। इसी तरह 3 से 7 मई तक इतवारी टाटानगर एक्सप्रेस को बिलासपुर तक चलायी जाएगी।

टाटानगर स्टेशन से चलेगी वंदे भारत ट्रेन वाली स्लीपर कोचः रेलवे ने टाटानगर स्टेशन से जल्द ही स्लीपर कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। अभी तक टाटानगर से केवल चेयर कार (सीटिंग) वंदे भारत ट्रेन चलायी जा रही है, जिनमें टाटानगर-रांची-हावड़ा, टाटानगर?बरहमपुर और टाटानगर?राउरकेला शामिल हैं। इसके अलावा टाटानगर से बनारस और बिलासपुर के लिए वंदे भारत सेवा शुरू करने की योजना पर काम हो रहा है। लंबी दूरी की यात्रा को देखते हुए इनमें स्लीपर कोच की सुविधा दी जाएगी।

## संगठन को मजबूत करने में जुटी कांग्रेस

# 6 मई को रांची में 'संविधान बचाओ रैली', खरगे होंगे मौजूद




**रांची :** झारखंड में गठबंधन सरकार की भागीदार कांग्रेस अब एक्टिव मोड में नजर आ रही है। पार्टी आगामी 6 मई को राजधानी रांची में संविधान बचाओ रैली का आयोजन करेगी। इस रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता राज्यभर में जुटे हुए हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रैली की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मुख्य अतिथि होंगे। उनके साथ कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई वरिष्ठ नेता भी शामिल रहेंगे।

उन्होंने कहा कि रैली के बाद पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें संगठन को मजबूती देने से जुड़े कई अहम निर्णय लिए जाएंगे। केशव महतो ने बताया कि रांची के बाद राज्य के विभिन्न जिलों में भी संविधान बचाओ रैली आयोजित की जाएगी, जिसकी तिथियां जल्द तय की जाएंगी।

[redacted]

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या: कैरिज-12-2025 दिनांक: 26.04.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कैरिज अजमेर द्वारा खुली ई-निविदा संख्या: कैरिज-12-2025 दिनांक 26.04.2025 आमंत्रित की जाती है। कोई भी मैन्युअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि कोई मैन्युअल टेंडर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** कैरिज वर्कशॉप अजमेर में एलएचबी कोचों में ब्रेक डिस्क की सफाई (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार)।" **2. अनुमानित लागत :** रू. 36716272.00/- **3. टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट :** रू. 00.00 **4. बयाना राशि :** रू. 343800.00 **5. ई-टेंडर फॉर्म जमा करने का समय व तारीख :** दिनांक 19.05.2025 समय 15.00 बजे तक **6. वेब साइट का विवरण :** www.ireps.gov.in **7. पात्रता मानदंड :** लागू। नोट: टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट एवं बयाना राशी केवल IREPS की वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे सुविधा द्वारा ऑनलाइन जमा किये जाने है।

483-CR/24

@NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें

# जूनियर सोनेट प्रीमियर क्रिकेट लीग शुरू

## डायनामोज क्लब की शानदार शुरूआत

मेट्रो रेज



**रांची :** जूनियर सोनेट प्रीमियर क्रिकेट लीग के तहत आज उद्घाटन मैच में सोनेट डायनामोज की टीम ने इन्विंसिबल्स क्लब को एक विकेट से पराजित किया इन्विंसिबल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 109 रन बनाए जिसमें अक्षत झा ने 24 और यश ने 16 रनों का योगदान किया अयान छेत्री ने 23 रन देकर तीन और वीरू महतो ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए जवाबी पारी में डायनामोज की टीम ने 19।4 ओवर में 9 विकेट पर 111 बनाकर मैच को जीत लिया जिसमें प्रियांशु ने 28 रनों का योगदान किया अभिनंद ने २६ रन बनाए प्रशांत भंडारी ने तीन विकेट लिए जबकि यस और अक्षत झा को दो-दो विकेट मिले आर्यन छेत्री को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया इस अवसर पर अनीता तिर्की टनटन कपूर कोच आसिफ हक विशेष रूप से उपस्थित थे

# पदभार संभालते ही एक्शन में रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार, डॉक्टरों को दिया तोहफा



**रांची :** स्वास्थ्य विभाग के फैसले पर हाईकोर्ट की रोक के बाद राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के निदेशक प्रो डॉ राजकुमार एक बार फिर से वापस काम पर लौट गये हैं। आदेश के बाद मंगलवार को प्रभारी निदेशक डॉ शशिबाला सिंह की जगह उन्होंने विधिवत तरीके से पदभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रशासनिक भवन स्थित अपने चेंबर में डॉक्टरों की प्रोन्नति सहित कई जरूरी फाइल निबटाये। कार्यभार संभालने के साथ ही निदेशक ने तीन महत्वपूर्ण निर्णय लिये। उन्होंने चार माह से लंबित डॉक्टरों की प्रोन्नति का रिजल्ट जारी कर 81 चिकित्सकों को प्रोन्नत करने का आदेश जारी कर दिया। इसके साथ ही निदेशक डॉ राजकुमार ने एमआरआई मशीन की खरीदारी के लिए एलसी (लेटर ऑफ क्रेडिट) खोलने का निर्देश दिया। इस कारण ऑर्डर किये गये फिलिप्स कंपनी की एमआरआई मशीन जल्द ही रिम्स को मिल जायेगी। तीसरे निर्णय के तहत उन्होंने एसबीआई बैंक के पास बंद गेट को खोलने का निर्देश दिया। रिम्स शासी परिषद की बैठक के बाद हो गया था मतभेदः 15 अप्रैल को रिम्स शासी परिषद की बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के साथ परिषद द्वारा पूर्व में लिये गये निर्णयों को लेकर निदेशक से मतभेद उभर कर सामने आये थे। बैठक में विवाद काफी बढ़ गया था। इस कारण बैठक में मौजूद अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह को हस्तक्षेप करना पड़ा था।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना**



बड़कागांव थाना सनहा सं0-23/25, दि0-29.03.2025 के आलोक में लापता महिला-गौरी कुमारी, पति-अजय कुमार रजवार, ग्राम-मरदू सोती, थाना-बड़कागांव, जिला-हजारीबाग दिनांक-28.03.2025 को समय-11:00 बजे सुबह सियाल से अपनी मायके नयाटॉड, थाना-बड़कागांव, जिला-हजारीबाग सवारी गाडी से जा रही थी, उसी बीच सम्पर्क करने का प्रयास किया जा रहा है, किन्तु किसी प्रकार से पता नही चल पाया। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। हुलियाः-उम्र-25 वर्ष, रंग-गोरा, चेहरा-गोल, पहनावा-सफेद सलवार सूट एवं काला रंग का दुपटा पहनी हुई है।

इस संबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी बड़कागांव/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नांकित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्रः-

अनु0पु0पदा0 बड़कागांव, हजारीबाग :- 9430336100

थाना प्रभारी बड़कागांव, हजारीबाग :- 9431706313, 8210710802

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 351333 Police(25-26).D

# नरेश टिकैत के पहलगाम हमले पर देशद्रोही बयानबाजी के खिलाफ देशभर में आक्रोश

## देश की जनता और किसानों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे नरेश टिकैतः पवन साहू

मेट्रो रेज



**रांचीः** भाजपा किसान मोर्चा (झारखंड) प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने नरेश टिकैट के पहलगाम मामले पर द्रोही बयान बाजी की कड़े शब्दों में निंदा की है। पवन साहू ने कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 26 हिंदू तीर्थयात्रियों की निर्मम हत्या के बाद पूरा देश आक्रोशित है। देश की जनता एकजुट होकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पाकिस्तान को करारा जवाब देने की मांग कर रही है। कहा कि भारत सरकार ने कठोर निर्णय लेते हुए पाकिस्तान के साथ राजनीतिक संबंध समाप्त कर दिए हैं, बाघा-अटारी बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट समारोह को रद्द कर दिया गया है, सभी पाकिस्तानियों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं और उन्हें भारत छोड़ने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त, भारत ने सिंधु जल संधि 1960 को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार ने सिंधु जल संधि के अनुच्छेद 12(3) के तहत संधि में संशोधन की औपचारिक मांग करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते।

ऐसी स्थिति में किसान नेता नरेश टिकैत की टिप्पणियां दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ तथाकथित किसान नेता राष्ट्र विरोधी बयान देकर देश के जख्मों पर नमक छिड़कने का कार्य कर रहे हैं। नरेश टिकैत ने कहा कि भारत सरकार को सिंधु जल संधि को रद्द नहीं करना चाहिए था, क्योंकि भारत और पाकिस्तान का किसान एक है । श्री साहू ने कहा कि हम नरेश टिकैत से पूछना चाहते हैं – जो देश हमारे निर्दोष नागरिकों की हत्या करवा रहा है, उसके हुक्का-पानी को बंद क्यों न किया जाए? बार-बार भारत की पीठ में छुरा घोंपने वाले पाकिस्तान के प्रति प्रेम का आखिर क्या औचित्य है? यदि पाकिस्तान से इतना ही प्रेम है, तो नरेश टिकैत पाकिस्तान चले जाना चाहिए। नरेश टिकैत का यह बयान शहीदों और उनके परिवारों का अपमान है। उन्हें देश की जनता और किसानों से माफी मांगनी चाहिए। नरेश टिकैत ने तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता । हम पूछना चाहते हैं कि यदि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं है, तो हर बार पकड़े गए आतंकवादी एक ही धर्म से क्यों होते हैं? उन माताओं-बहनों से जाकर पूछिए, जिनके परिवारजनों को धर्म पुछकर बेरहमी से मारा गया। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा पूरे देश की जनता की ओर से मांग करता है कि ऐसे तथाकथित किसान नेता नरेश टिकैत को देश और किसानों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, समाज और किसानों को चाहिए कि ऐसे राष्ट्रविरोधी बहरूपियों का सामाजिक बहिष्कार करें, और उनका हुक्का-पानी बंद कर दें। उन्होंने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को निरस्त कर पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया है नरेश टिकैत के पहलगाम हमले पर देशद्रोही बयानबाजी के खिलाफ देशभर में आक्रोश।

भाजपा किसान मोर्चा (झारखंड) प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने पहलगाम में सपने में तथा कथित किसान नेट नरेश टिकट के पहलगाम मामले पर द्रोही बयान बाजी का खड़े शब्दों में निंदा की है। पवन साहू ने कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 26 हिंदू तीर्थयात्रियों की निर्मम हत्या के बाद पूरा देश आक्रोशित है। देश की जनता एकजुट होकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पाकिस्तान को करारा जवाब देने की मांग कर रही है। कहा कि भारत सरकार ने कठोर निर्णय लेते हुए पाकिस्तान के साथ राजनीतिक संबंध समाप्त कर दिए हैं, बाघा-अटारी बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट समारोह को रद्द कर दिया गया है, सभी पाकिस्तानियों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं और उन्हें भारत छोड़ने के लिए निर्देशित किया गया है। उक्त जानकारी भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने दी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**
**Email-eedwsd.gumla@gmail.com**

**अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० - 02/2025-26**
**(ITDA Head)**

1.विभाग का नाम :-पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2.विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :-कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3.परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :-08.05.2025 के अपराहन 1.00 बजे तक (छुट्टी के दिनो को छोड़कर)
4.निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-09.05.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
5.निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :-09.05.2025 के 3.30 बजे अपराह्न ।
6.निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :-(क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमण्डल सं0-1 गुमला।
7.निविदा प्राप्ति का स्थान :-(क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला।

कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घाघरा प्रखण्ड अंतर्गत आदर पंचायत के ग्राम सलगी एवं बिशुनपुर प्रखण्ड अंतर्गत बनारी पंचायत के ग्राम जाहुप में जलापूर्ति कार्य (कुल 03 योजना) | 4,69,953.00 | 9,400.00 | 750.00 | 01 Month |
| 2 | रायडीह प्रखण्ड अंतर्गत केमटे पंचायत के ग्राम केमटे व पंचायत पिबो के ग्राम लौकी जमगई एवं बिशुनपुर प्रखण्ड अंतर्गत चिरोडीह पंचायत के ग्राम लोंगा में जलापूर्ति कार्य (कुल 03 योजना) | 4,47,714.00 | 9,000.00 | 750.00 | 01 Month |
| 3 | बिशुनपुर प्रखण्ड अंतर्गत हेलता पंचायत के ग्राम चोहन गुटुवा एवं गुरदरी पंचायत के ग्राम गुरदरी के समझरिया टोला में जलापूर्ति कार्य (कुल 03 योजना) | 5,73,616.00 | 11,500.00 | 1250.00 | 01 Month |

निविदा की नियम एवं शर्तें :- कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गुमला

PR 351357 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D

## सुविचार

**मेहनत अगर आदत बन जाए, तो सफलता ही तकदीर बन जाती है।**

# मजदूरों के महत्व को दशार्ता मजदूर दिवस

**मजदूर** दिवस मजदूरों के महत्व को दशार्ने का महत्वपूर्ण उत्सव है। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर ऐसा हो नहीं पाया है। भारत में 90 फीसदी मजदूर असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं जिनको सभी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं। देश में श्रमिक वर्ग की संख्या संगठित व असंगठित क्षेत्र में 50 करोड़ से ज्यादा है। भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इसकी शुरूआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। मद्रास हाई कोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार के अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस में वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क की थीम है। स्वास्थ्य और सुरक्षा में क्रांति, कार्यस्थल पर एआई और डिजिटलाइजेशन की भूमिका। इसका मतलब है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, वर्चुअल रियलिटी और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी नई तकनीकों का इस्तेमाल कार्यस्थल को और ज्यादा सुरक्षित और सेहतमंद बनाने में किया जाएगा। स्मार्ट हेलमेट्स, सेफ्टी सेंसर, ऑटोमेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम ये सब भविष्य की सुरक्षा के अहम हिस्से बनेंगे। यह थीम हमें इस बात के लिए तैयार करती है कि हम तकनीक का सही इस्तेमाल करते हुए कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित कर सकें। किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह को कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है। महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझें मगर ऐसा होता नहीं है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने काम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध निकालने का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती हैं। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है। हमारे देश के मजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है न ही उनको कोई ढंग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं। बड़े शहरों में झोंपड़पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है ना हीं किसी राजनीतिक दलों के नेताओं को। झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़पट्टी बस्तियों में ना रोशनी की सुविधा रहती है। ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना नहीं कर सकता। मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटों धूप में खड़े रहकर बड़ी-बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नहीं हो पाता है। देश के कारखानों में काम करने वाले मजदूरों पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि ना जाने कब मालिक उनकी छंटनी कर काम से हटा दे। कारखानों में कार्यरत मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है। विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। मजबूरी में मजदूर कारखाने के मालिक की शर्तों पर काम करने को मजबूर होता है। कारखानों में श्रम विभाग के मापदण्डो के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधायें नहीं दी जाती है। कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बीमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिकों द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है। मगर मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये बनी मजदूर यूनियनो को मजदूरों की बजाय मालिको की ज्यादा चिंता रहती है। हालांकि कुछ मजदूर यूनियनें अपना फर्ज भी निभाती हैं मगर उनकी संख्या कम है। हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारें मजदूरों के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती हैं। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बातें लिखी होती हैं किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं। सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरों के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने-सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं। मजदूर दिवस सिर्फ एक अवकाश का दिन न होकर श्रमिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का दिन है। हमारे देश का मजदूर दिन-प्रतिदिन और अधिक गरीब होता जा रहा है। दिन-रात रोजी-रोटी के जुगाड़ में जद्दोजहद करने वाले मजदूर को तो दो जून की रोटी मिल जाए तो मानों सबकुछ मिल गया। आजादी के इतने सालों में भले ही देश में बहुत कुछ बदल गया होगा लेकिन मजदूरों के हालात आज भी नहीं बदले हैं तो श्रमिक वर्ग के लिए मजदूर दिवस अर्थवान बनाए जाने के लिए ईमानदार प्रयासों की अधिक जरूरत है।

# अक्षय तृतीया: बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य करने का दिन

पौराणिक शास्त्रानुसार, अक्षय तृतीया विवाह और अन्य शुभ कार्यों के लिए स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना जाता है। इस दिन किए गए शुभ कार्य, दान, उपवास और व्रत का अक्षय फल अर्थात संपूर्ण फल मिलता है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और इस दिन बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य सम्पन्न किया जा सकता है, इसीलिए लोग बिना पंचांग देखे अक्षय तृतीया के दिन विवाह, गृह प्रवेश, नया व्यापार, धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ, घर, भूखंड या नए वाहन आदि की खरीदारी करते हैं।

**अक्षय तृतीया (30 अप्रैल) पर विशेष**

**योगेश कुमार गोयल**

प्रत्येक वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' पर्व मनाया जाता है, जो इस वर्ष 30 अप्रैल को मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया की शुरूआत 29 अप्रैल की शाम पांच बजकर 31 मिनट पर हो रही है, जो 30 अप्रैल की दोपहर दो बजकर 12 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि को ध्यान में रखते हुए अक्षय तृतीया की पूजा और खरीदारी करना 30 अप्रैल को ही सबसे शुभ है। अक्षय तृतीया की पूजा के लिए 30 अप्रैल को प्रातः पांच बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक का समय बहुत शुभ है। मांगलिक कार्यों के लिए अक्षय तृतीया पर्व को हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य आयोजित किया जा सकता है। यह पर्व आस्था, परंपरा और अध्यात्म का संगम है। सनातन धमार्नुसार, वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को ह्यअक्षय तृतीयाह्न या ह्यआखा तीजह्न कहते हैं।

पौराणिक शास्त्रानुसार, अक्षय तृतीया विवाह और अन्य शुभ कार्यों के लिए स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना जाता है। इस दिन किए गए शुभ कार्य, दान, उपवास और व्रत का अक्षय फल अर्थात संपूर्ण फल मिलता है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और इस दिन बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य सम्पन्न किया जा सकता है, इसीलिए लोग



बिना पंचांग देखे अक्षय तृतीया के दिन विवाह, गृह प्रवेश, नया व्यापार, धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ, घर, भूखंड या नए वाहन आदि की खरीदारी करते हैं। मान्यताओं के अनुसार, इसी तृतीया तिथि को माता पार्वती ने अमोघ फल देने की सामर्थ्य का आशीर्वाद दिया था, जिसके प्रभाव से अक्षय तृतीया के दिन किया गया कोई भी कार्य निष्फल नहीं होता। पुराणों के अनुसार, इस दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान, दान, जप व स्वाध्याय करना शुभ फलदायी होता है।

भविष्य पुराण के अनुसार, अक्षय तृतीया को युगादि तिथि माना गया है, यानी इसी तिथि से सतयुग व त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान विष्णु के तीन अवतारों, नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस वर्ष अक्षय तृतीया पर बहुत से शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में लक्ष्मी पूजा करने से धन वृद्धि होती है। अक्षय तृतीया के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है, जो बहुत खास है। इसके अतिरिक्त, जो अन्य शुभ योग बनने वाले हैं, उनमें शोभन योग दोपहर 12 बजकर दो मिनट तक रहेगा। रवि योग शाम को चार बजकर 18 मिनट से शुरू होकर पूरी रात रहने वाला है। इस दिन सोना खरीदना बहुत शुभ माना गया है। अक्षय तृतीया तिथि संपूर्ण पापों का नाश करने वाली और समस्त सुख प्रदान करने वाली मानी गई है। विभिन्न शास्त्रों के अनुसार, इस दिन हवन, जप, दान, स्वाध्याय, तर्पण इत्यादि जो भी कर्म किए जाते हैं, वे सब अक्षय हो जाते हैं। मान्यता है कि द्वापर युग इसी तिथि को समाप्त हुआ था, जबकि त्रेता, सतयुग और कलियुग का आरंभ इसी तिथि को हुआ था, इसीलिए इसे ह्यकृतयुगादि तृतीयाह्न भी कहा जाता है। भारत में कई स्थानों पर अक्षय तृतीया को ह्यआखा तीजह्न के नाम से भी जाना जाता है। भविष्य पुराण के अनुसार, इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। इस तिथि की अधिष्ठात्री देवी पार्वती मानी गई हैं और इस दिन मां लक्ष्मी की भी विधिवत पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पृथ्वी पर देवताओं ने 24 रूपों में अवतार लिया था, जिनमें छठा अवतार भगवान परशुराम का था, जिनका जन्म अक्षय तृतीया के ही दिन हुआ था। ब्रह्मा के पुत्र अक्षय कुमार का प्राकट्य भी इसी दिन हुआ माना जाता है। भगवान विष्णु के चरणों से गंगा भी इसी दिन धरती पर अवतरित हुई थी। इस पर्व को लेकर लोक धारणा है कि इस तिथि को यदि चंद्रमा के अस्त होते समय रोहिणी आगे होगी तो फसल अच्छी होगी।

# गर्मी में परिंदों की प्यास बुझाना इंसानियत की परीक्षा

गर्मी अब सिर्फ तापमान नहीं रही, यह अब एक त्रासदी बन गई है, खासकर उनके लिए जिनकी आवाज न अखबार में छपती है, न टीवी पर आती है, और न ही सोशल मीडिया की ट्रेंडिंग लिस्ट में। बात हो रही है उन छोटे-छोटे परिंदों की जो इस तेज धूप, सूखी हवाओं और कंक्रीट के जंगल में चुपचाप प्यास से तड़प कर मर जाते हैं। कोई पानी डाल दे तो मैं भी चोंच भर पी लूं...यह पंक्ति अब किसी कविता की कोमल कल्पना नहीं रही, यह एक जीवित सच्चाई है।

तेज होती गर्मी, घटते जलस्रोत और बढ़ती कंक्रीट संरचनाओं के कारण पक्षियों के लिए पानी और छांव जैसी बुनियादी जरूरतें भी दुर्लभ होती जा रही हैं। परिंदे हमारी प्रकृति का अभिन्न हिस्सा हैं और अगर वे गायब हो गए तो यह धरती और भी सूनी हो जाएगी। आधुनिक समाज वातनुकूलक (ए.सी.) चलाने में सक्षम है, लेकिन पक्षियों के लिए एक कटोरा पानी रखने में असफल। हर व्यक्ति अपने स्तर पर छोटे-छोटे प्रयास करके इस स्थिति को बदल सकता है, जैसे छत या बालकनी में पानी रखना, पेड़ लगाना और बच्चों में करुणा की भावना जगाना। यह सिर्फ परिंदों के लिए नहीं, बल्कि इंसानियत के लिए भी एक परीक्षा है कि क्या हम वाकई इंसान हैं।

**प्रियंका सौरभ**

गर्मी अब सिर्फ तापमान नहीं रही, यह अब एक त्रासदी बन गई है, खासकर उनके लिए जिनकी आवाज न अखबार में छपती है, न टीवी पर आती है, और न ही सोशल मीडिया की ट्रेंडिंग लिस्ट में। बात हो रही है उन छोटे-छोटे परिंदों की जो इस तेज धूप, सूखी हवाओं और कंक्रीट के जंगल में चुपचाप प्यास से तड़प कर मर जाते हैं। कोई पानी डाल दे तो मैं भी चोंच भर पी लूं...यह पंक्ति अब किसी कविता की कोमल कल्पना नहीं रही, यह एक जीवित सच्चाई है। एक निरीह पुकार जो हर दोपहर किसी छत पर, किसी सूखी डाल पर, किसी तपती खिड़की की जाली के पीछे से उठती है। हमने पेड़ काटे, तालाब पाटे, छज्जों को सीमेंट से बंद कर दिया और टीन की छतों से सूरज को और गर्म कर दिया। आधुनिकता के नाम पर हमने अपने घरों को एसी से ठंडा किया, लेकिन परिंदों के लिए एक घूंट पानी छोड़ना भूल गए। पक्षियों के घोंसले बनाने की



जगहें कम होती जा रही हैं। अब उनके लिए न पेड़ बचे, न परछाई, न ही वह परंपरागत संस्कृति, जिसमें हर घर की मुंडेर पर मिट्टी का एक कटोरा पानी से भरा होता था। कई पर्यावरण संस्थाएं बता रही हैं कि गर्मी में पक्षियों की मृत्यु दर में लगातार वृद्धि हो रही है। खासतौर पर गोरैया, कबूतर, मैना, बुलबुल जैसे छोटे पक्षी गर्मी की दोपहर में बेहोश होकर गिर जाते हैं। यदि उन्हें समय पर पानी न मिले, तो मर भी जाते हैं। पर क्या इनकी मौतें किसी समाचार का हिस्सा बनती हैं, क्या इन पर कोई सरकारी घोषणा होती है या फिर क्या इनका कोई ₹एनजीओ सम्मेलन₹ बुलाया जाता है। दरअसल परिंदे सिर्फ आसमान की शोभा नहीं हैं, वे हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के अभिन्न अंग हैं। वे कीट नियंत्रण करते हैं, परागण में मदद करते हैं, बीज फैलाते हैं और सबसे जरूरी कि वे जीवन के संगीत को बनाए रखते हैं। अगर पक्षी गायब हो गए तो यह धरती और अधिक वीरान हो जाएगी और हम भी। हमें यह समझना होगा कि ये नन्हें जीव प्रकृति की बड़ी चेतावनियाँ लेकर आते हैं। जब वे प्यास से मर रहे हैं तो समझिए कि पानी की कमी अब हमारी ओर भी बढ़ रही है। आज जरूरत इस बात की है कि हम ह्लबर्ड फ्रेंडलीह्व समाज बनें। यह कोई बड़ा आंदोलन नहीं, सिर्फ छोटी-छोटी चीजें हैं। छत या बालकनी में एक मिट्टी का पानी भरा कटोरा रखें। पेड़ लगाएं, खासतौर पर नीम, पीपल, अमरूद जैसे देशी वृक्ष। बच्चों को परिंदों के बारे में बताएं, दया, संवेदना और जुड़ाव सिखाएं। गर्मियों में पशु-पक्षियों के लिए छाया और पानी की व्यवस्था करें। मंदिरों-मस्जिदों-गुरुद्वारों जैसे स्थलों को भी प्रेरित करें कि वे पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। यह काम किसी सरकार का इंतजार नहीं करता। यह आपके हाथ में है। हम ए.सी. चलाने के लिए हजारों की बिजली जला देंगे, लेकिन एक कटोरा पानी रखने में कंजूसी कर जाते हैं। हम स्मार्ट सिटी बनाने के लिए करोड़ों बहा देंगे, लेकिन स्मार्टनेस इतनी नहीं कि बेजुबानों के लिए भी कुछ छोड़ सकें। हमारे समाज में अब ह्यकरुणाह्न भी इंस्टाग्राम रील बन गई है सिर्फ दिखावा भर, पर असर नहीं। गाँवों में भी अब पुराने तालाब सूख रहे हैं, बावड़ियाँ टूट चुकी हैं और पशु-पक्षियों के लिए पीने का पानी अब मुश्किल हो गया है। एक समय था जब गाँव में हर कुएँ की मेड़ पर परिंदे पानी पीने आते थे। आज वही कुएँ सीमेंट से बंद कर दिए गए हैं। शहरों ने गाँवों को विकास तो दिया, लेकिन वह विकास पक्षियों के लिए विनाश बन गया।

जलवायु परिवर्तन का सबसे पहला और सीधा असर बेजुबानों पर पड़ता है। तापमान में जरा-सी वृद्धि भी इनके लिए प्राणघातक हो सकती है। इंसान तो पंखा चला लेता है, बर्फ खा लेता है, डॉक्टर के पास चला जाता है। पर चिड़िया कहां जाए, कबूतर किससे कहे कि वह प्यासा है। हम खुद को बुद्धिजीवी, संवेदनशील, शिक्षित और विकसित कहते हैं, लेकिन क्या कोई भी ऐसी सभ्यता वाकई ह्लविकसितह्व कहलाने लायक है जो अपने साथ रहने वाले जीवों को मरता देखे और फिर भी चुप रहे। हर गर्मी हमें यह सोचने का मौका देती है कि इस बार क्या हम अपने घर की छत, खिड़की, बालकनी या आंगन में एक कोना ऐसा बना सकते हैं, जहां कोई छोटा परिंदा अपनी चोंच भर पानी पी सके।

**(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं।)**

# कालसर्प दोष की पूजा

भारत में कई ऐसे मंदिर हैं, जो किसी न किसी संकट या दोष की पूजा के लिए लाभकारी माने जाते हैं। इन्हीं में से एक मंदिर भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थल वृंदावन में मौजूद है। वैसे तो वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित कई मंदिर हैं। लेकिन वृंदावन के इस खास मंदिर में पूजा कराने से काल सर्प दोष से मुक्ति मिल जाती है। फिर कितना ही भयंकर कालसर्प दोष लगा हो या उसका प्रभाव कितना ही तीव्र क्यों न हो। वृंदावन के इस मंदिर में पूजा कराने से न सिर्फ कालसर्प दोष दूर होता है बल्कि उसका प्रभाव भी तेजी से घटना है और व्यक्ति को शुभ परिणाम मिलने लगते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको वृंदावन के इस खास मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं।

**काल सर्प दोष की पूजा**

बता दें कि वृंदावन में भगवान कृष्ण के परम



भक्त गरुड़ जी का एक मंदिर है। इस मंदिर को गरुड़ गोविंद के नाम से जाना जाता है। वहीं इस मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। गरुड़ गोविंद का विशेष रूप से भगवान श्रीकृष्ण और उनके वाहन गरुड़ के प्रति श्रद्धा और प्रेम को व्यक्त करने के लिए समर्पित है। इस मंदिर में गरुड़ की एक बहुत बड़ी प्रतिष्ठित मूर्ति है गरुड़ गोविंद मंदिर में भगवान कृष्ण की मूर्ति है, जिसकी पूजा की जाती है। यह पूजा स्थल भक्तों के लिए फेमस है। हालांकि इस मंदिर के बारे में अधिकतर ब्रज लोगों को ही पता है। गरुड़ गोविंद मंदिर के बारे में बाहर के लोगों को कम जानकारी है। इस मंदिर को काल सर्प दोष की पूजा के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि जब यमुना में कालिया नाग ने अपना स्थान बनाया था। तब श्रीकृष्ण ने कालिया नाग का दमन कर यमुना से भगा दिया था। जिसके बाद श्रीकृष्ण ने गरुड़ को उस स्थान पर विराजमान रहने के लिए कहा था। जिससे कि कोई भी नाग ब्रज भूमि में प्रवेश न कर पाए। तभी से इस मंदिर में कालसर्प दोष की पूजा का विशेष महत्व है। गरुड़ मंदिर में कालसर्प दोष की पूजा करने से इसका फल जरूर मिलता है। साथ ही कालसर्प दोष भी दूर होता है और व्यक्ति को नकारात्मक प्रभावों से छुटकारा मिलता है। इस मंदिर में भगवान कृष्ण और गरुड़ की एक साथ पूजा करने से व्यक्ति के जीवन से हर संकट का नाश हो जाता है। जिस तरह श्रीकृष्ण के हर कार्य में गरुड़ सहायक बनते हैं, वैसे ही वह अपने भक्तों पर भी कृपा बनाए रखते हैं।

## सेहत

### गर्मियों में पाचन का रखें ख्याल

**भीषण** गर्मी का सितम चालू हो चुका है। अप्रैल के महीने तापमान बढ़ गया है। इस मौसम में सबसे ज्यादा डिहाइड्रेशन की शिकायत रहती है। पाचन पर भी बुरा असर रहता है। गर्मियों में उल्टा-सीधा खाने से पेट की समस्या होने लगती है। इसलिए गर्मियों में सही आहार का सेवन करना जरुरी है। आइए आपको इस लेख में बताते हैं गर्मियों के दौरान किन चीजों का सेवन करें या नहीं करें।

पाचन को दुरुस्त रखने के लिए क्या खाएं और क्या नहीं?

क्या खाएं : - सबसे जरुरी बात है कि गर्मियों में हाइड्रेटेड रहना है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें। पानी से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। पेट को भी ठंडक मिलती है। हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए नारियल पानी, ताजे फल के रस, मौसमी के जूस जैसे हाइड्रेटिंग ड्रिंक पिएं।, गर्मी में आप हाइड्रेटेड फलों और सब्जियों का सेवन करें। ऐसे में आप तरबूज, पपीता, खीरा, ककड़ी, तोरी, लौकी वगरैह का सेवन करें। इसमें फाइबर की मात्रा सबसे अधिक होती है, जिससे आपका पाचन भी बेहतर रहेगा। इसके अलावा आप दही और छाछ का सेवन जरुर करें। क्योंकि इनमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान से मिलीं दीपिका पांडेय

# मनरेगा भुगतान और मजदूरी दरों पर की चर्चा

मेट्रो रेज



**रांची :** दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने मुलाकात कर राज्य के विकास और मनरेगा से जुड़े लंबित भुगतान, मजदूरी दर वृद्धि, सीएफपी फंड व एसडीआर दरों की पुनर्समीक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की।

इस दौरान मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने मनरेगा मद में केंद्र सरकार के पास बकाया 747 करोड़ रुपया उपलब्ध कराने का अनुरोध केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से किया। इसके अलावे मनरेगा मजदूरी मद में 150 करोड़ बकाया राशि उपलब्ध कराने की मांग केंद्रीय मंत्री से की गई।

केंद्रीय मंत्री को मांग पत्र सौंपकर मनरेगा एडमिन मद में राशि पिछले 3 माह से राशि उपलब्ध नहीं होने का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस मद में राशि उपलब्ध कराने की मांग उन्होंने की। मुलाकात के दौरान पूर्व में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 25000 एडिशनल राजमिस्त्री की ट्रेनिंग की स्वीकृति दी गई थी, परंतु ट्रेनिंग से संबंधित राशि रिलीज नहीं की गई। इस मामले में तत्काल 25000 एडिशनल राजमिस्त्री की ट्रेनिंग के लिए राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

वहीं हैदराबाद दौरे पर गईं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार 29 अप्रैल को नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड के साथ-साथ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

मत्स्य पालन के क्षेत्र में झारखंड में बड़ी छलांग लगाने की तैयारी की चर्चा करते हुए कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने कहा कि राज्य में एक्वा पार्क बनाने पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग विचार कर रहा है। इससे बड़ी संख्या में मत्स्य पालकों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा है कि मत्स्य पालकों को बेहतर प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद भेजा जाएगा। पहले चरण में झारखंड के 100 मत्स्य पालकों को प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद भेजे जाने की योजना है। इसके साथ ही राज्य के मत्स्य अधिकारी भी नई तकनीक की जानकारी लेने के लिए हैदराबाद जाएंगे। उन्होंने इस दौरान हैदराबाद के एक फिश फॉर्म का भ्रमण कर मत्स्य पालन के क्षेत्र में सोच से अलग और सफल प्रयोग की जानकारी ली। इस फिश फॉर्म में सैलमन फिश के उत्पादन, जिसका बाजार मूल्य 3 हजार रुपए प्रति किलो है उसे देखा। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी इसके उत्पादन और मत्स्य पालन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड का सहयोग लिया जाएगा।

वहीं तेलंगाना राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में धान अधिग्रहण और किसानों को समृद्ध बनाने वाली योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। धान अधिग्रहण के मामले में तेलंगाना मॉडल को देखकर भविष्य में इसे झारखंड में अपनाने की बात कही गई।

इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि तेलंगाना और झारखंड में एक प्रमुख समानता है। दोनों ही राज्य किसानों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। सरकार का उद्देश्य किसानों की उन्नति और उनकी आय में वृद्धि करना है। किसान किसी भी हाल में ठगे ना जाए इसका प्रयास किया जाएगा। इसके लिए तेलंगाना राज्य के किसानों की तरह ही झारखंड के किसानों को विभाग की योजनाओं को लेकर जागरूक होना पड़ेगा।

## यादव धर्मशाला के प्रबंधन कमेटी की बैठक

### सर्वसम्मति से प्रदीप कुमार यादव को अध्यक्ष व मृगेंद्र यादव को सचिव चुना गया



मेट्रो रेज

**दुमका :** यादव धर्मशाला बासुकिनाथ में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धर्मशाला के प्रबंधन कमेटी की बैठक जगन्नाथ पंजियारा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें कमेटी सदस्यों के अलावे विभिन्न गांव के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक में अध्यक्ष ने पूर्व की कमेटी को भंग करने की घोषणा किया। तत्पश्चात नई कमेटी गठन हेतु प्रस्ताव दिया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रदीप कुमार यादव को अध्यक्ष एवं मृगेंद्र यादव को सचिव चुना गया। धर्मशाला कमेटी का विस्तार हेतु अध्यक्ष एवं सचिव को अधिकृत किया गया। सर्व समिति से जगन्नाथ पंजियारा को संरक्षक बनाया गया। बैठक में दिनेश यादव, श्रीकांत यादव, शंकर मांझी, मणिकांत लायक, रघुनाथ यादव, विनोद यादव, मृगेंद्र यादव, प्रदीप यादव, डॉ। अमरेन्द्र कुमार यादव सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

## युवक ने की वृद्ध की गला दबाकर हत्या

**पलामू ।** पलामू प्रमंडल के गढवा जिले के मेराल थाना क्षेत्र के बिकताम गांव में नशे में एक युवक वहशी बन बैठा एवं 90 वर्षीय एक वृद्ध की गला दबाकर तथा मारपीट कर हत्या कर दी। मां, पत्नी तथा छोटे भाई की पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। घर में आग लगा कर पास के जंगल में भाग गया। जानकारी के अनुसार बिकताम के भुइयां टोला निवासी उपेंद्र भुइयां उर्फ अकलू भुइयां सोमवार मध्य रात्रि में नशे की हालत में अपनी पत्नी की कथित प्रेमी से उलझ गया। हो हल्ला होने पर पहुंची मां कोलपतिया कुंवर, पत्नी मनीता देवी, छोटे भाई की पत्नी सुनीता देवी तथा कमलेश भुइयां को मारपीट कर घायल कर दिया। इसी क्रम में उसने 90 वर्षीय बौद्धी भुइयां की गला दबाकर तथा मारपीट कर हत्या कर दी। ज्यादा शोर होने पर उपेंद्र भुइयां अपने छोटे भाई के घर में आग लगा कर पास के जंगल में भाग गया। मंगलवार की सुबह में लाल बिहारी भुइयां ने अपने पिता बौद्धी भुइयां की हत्या करने का आरोप लगाते हुए उपेंद्र भुइयां उर्फ अकलू भुइयां के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन दिया है। थाना प्रभारी विष्णुकांत ने बताया कि अहले सुबह घटना की जानकारी मिलने पर दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच कर जानकारी ली तथा आवश्यक प्रक्रिया के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भेज दिया है। आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 92/25 दर्ज कर लिया गया है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### छोटू महाराज शिने कैफे सिनेमा हॉल का उद्घाटन आज



**साहिबगंज :** शहर के स्टेडियम रोड स्थित सदर अस्पताल के समीप छोटू महाराज शिने कैफे सिनेमा हॉल का उद्घाटन बुधवार की शाम छह बजे होगा। ।जिसकी जानकारी छोटू महाराज शिने कैफे सिनेमा हॉल के प्रबंधक अनंत यादव,अंकुर कुमार गुप्ता व दीपक गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया की सिनेमा हॉल का उद्घाटन सदर एसडीओ अमर जॉन आइंद करेंगे। कार्यक्रम में शहर के लोग शामिल होंगे। सिनेमा प्रबंधक अंकुर कुमार गुप्ता ने बताया की छोटू महाराज शिने कैफे सिनेमा हॉल लोगो की डिमांड पर बनाया गया है।वही अनंत यादव ने बताया की सिनेमा हॉल के खुलने से शहरवासियो को एक नया चीज देखने को मिलेगा। वही दीपक गुप्ता ने जानकारी दी कि लोग अब अपने शहर में अच्छी फिल्म का आंनद ले सकेंगे। यहाँ लोगो का खास ख्याल रखा जायेगा।

### उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने कार्यालय प्रकोष्ठ में किया जनता दरबार का आयोजन



**साहिबगंज :** उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बड़ी संख्या में नागरिक अपनी शिकायतों और सुझावों के साथ जनता दरबार में पहुंचे।जनता दरबार में प्रमुख रूप से भूमि विवाद, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पेंशन, जल आपूर्ति, सड़क निर्माण और अन्य स्थानीय मुद्दों से संबंधित शिकायतें उठाई गईं। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।उप विकास आयुक्त ने कहा जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाना है। प्रशासन जनता के साथ मिलकर उनके हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### उपायुक्त ने की जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों एवं निष्पादन की समीक्षा



**दुमका :** जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न प्रखंडों में आयोजित जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों,निष्पादन की समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रखंडों में आयोजित होने वाले जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का मिशन मोड में निष्पादन करने का निदेश दिया। कहा कि आवेदनों को लंबित नहीं रखा जाय। मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना सहित सरकार के अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को निश्चित रूप से मिले इसे सुनिश्चित करें।जानकारी दी गयी कि कई लाभुकों की आयु राशन कार्ड तथा आधार कार्ड में भिन्न होने के कारण योजनाओं का लाभ देने में कठिनाई हो रही है,इस संबंध में उपायुक्त ने आवश्यक निदेश दिया। इस दौरान उन्होंने निदान में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी संबंधित विभागों को नियमानुसार ढंग से जल्द से जल्द अपने विभाग से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निदेश दिया है।

### टक्कर में तेल टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा, तेल लूट ले गए ग्रामीण

**दुमका।** जिला हंसडीहा थाना क्षेत्र दुमका-भागलपुर मुख्य मार्ग कुरमाहाट रेलवे हॉल्ट के समीप मंगलवार सुबह एक तेल टैंकर ओर हाइवा में टक्कर होने से तेल टेंकर अनियंत्रित होकर पलट गई। वही हादसे में टेंकर और हाइवा के चालक बाल बाल बच गए। टैंकर पलटने के बाद देखते ही देखते आस-पास के ग्रामीणों की ओर से टैंकर से गिर रहे तेल को डब्बे और बाल्टी में भर कर लूट लिया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी प्रकाश सिंह बताया कि एनएल 01 -5529 हल्दिया बंगाल से तेल लेकर विराट नगर नेपाल जा रही थी ।इसी बीच कुरमाहाट के समीप टैंकर और हाइवा ट्रक की टक्कर हो गई हादसे में टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गई। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि टैंकर चालक शराब के नशे में था जिस वजह से हादसा हुआ। इधर जेसे ही घटना की जानकारी पुलिस को मिली सूचना मिलने के बाद सहायक अवर निरीक्षक बिनोद सिंह दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच टैंकर से ग्रामीणों द्वारा लूट रहे तेल को लूटने से बचाया और तेल लूटने वाले ग्रामीणों को खदेड़ कर भगाया। वही दुर्घटनाग्रस्त हाईवा और टैंकर को जब्त कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

### पीएम जनमन योजना के तहत 39 सड़कों का होगा निमार्णः सांसद

**पलामू।** पलामू जिले के पाटन प्रखंड के अति सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत कसवाखांड़ के ग्राम तीसीबार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पीएम जनमन योजना से तीसीबार पुल से चेतमा पुलिस पिकेट तक लगभग 8 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद वीडी राम ने किया। इसका निर्माण 7 करोड़ करोड़ 68 लाख रुपए की लागत से होगा। मौके पर सांसद ने कहा कि सड़क निर्माण से यहां की जनता को आवागमन सुगम होगी। पलामू जिला अंतर्गत आदिम जनजाति बाहुल्य गांव में पीएम जनमन योजना के तहत 39 सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही आदिम जनजाति बाहुल्य गांव बुका में बच्चों के बीच पठन पाठन की सामग्री और बिस्कुट काफी बच्चों को दिया।

## खनन टास्क फोर्स की आयोजित बैठक संपन्न



मेट्रो रेज

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने पिछले माह अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम के लिए की गयी कार्रवाई की समीक्षा की। उपायुक्त ने जिले में अवैध खनन स्थलों को चिह्नित करने, अवैध खनन व परिवहन के मार्ग में निगरानी रखने का निर्देश दिया। जिला खनन पदाधिकारी, सीओ व थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने बॉर्डर पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि पिछले बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में 19 मार्च से अब तक अवैध परिवहन करते हुए 104 वाहनों की जांच की गई। जिसमें 80 वाहन खनन विभाग द्वारा तथा 24 वाहन परिवहन विभाग द्वारा जांच किया गया। इसमें कुल 13 वाहन जप्त किए गए और 1 वाहन के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गई। इस मामले में उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारी को प्रति माह हर थाने से कम से कम 100 से 150 वाहन की जांच करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला खनन पदाधिकारी सहित सभी अंचलाधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महादानवीर भामाशाह की 478वीं जयंती राष्ट्र गौरव दिवस के रूप में मनायी गयी

# जब भी दानवीरता की बात होगी महादानी भामाशाह का नाम सबसे पहले आएगा : हीरालाल साहा

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा :** आरबी प्लेस बरहरवा में अखिल भारतीय तेली महासभा जिला कमिटी द्वारा महादानवीर भामाशाह की 478 वीं जयंती राष्ट्र गौरव दिवस के रूप में धूमधाम से भामाशाह से मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ तैलिक साहू समाज के गणमान्य लोगों द्वारा संयुक्त रूप से महादानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण व शदीप प्रज्जवलित कर किया गया।इससे पहले युवा प्रदेश अध्यक्ष हीरालाल साह के नेतृत्व में कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी को सम्मानित किया गया।इस दौरान जय भामाशाह,जय तेली समाज,दानवीर भामाशाह अमर रहे।तेली एकता जिंदाबाद के जयकारे से गूंज उठा।मौके पर युवा अध्यक्ष हीरालाल साह ने कहा कि लोकहित व आत्म सम्मान के लिए अपना सर्वस्व दान कर देने वाली उदारता के इस गौरव पुरूष की प्रेरणा को चिरस्थाई रखने के लिए बिहार, छतीसगढ़,मध्यप्रदेश,राजस्थान समेत कई प्रदेशों में इनके नाम से कई योजनाएं भी चलाई जाती है।जब भी दानवीरता की बात होगी।उनमें महादानी भामाशाह का नाम सबसे पहले आएगा।भामाशाह ने हल्दी घाटी की युद्ध मे पराक्रमी राजा महाराणा प्रताप का तन,मन,धन से सहयोग देकर जो मिसाल पेश की है।वह हमारे पीढ़ियों को प्रेरणा देगी।वे दानवीरता के साथ मातृभूमि के प्रति अपने अगाध समर्पण के लिए भी जाने जाते हैं।वही प्रदेश सचिव छोटू साह ने कहा कि वो दानवीर व त्यागी पुरूष थे।स्वदेश,धर्म व संस्कृति की रक्षा को वो हर समय तत्पर रहते थे।राणा के पास नहीं पैसा,पैसै के बिना नहीं सेना,तब भामाशाह बढ़े आगे लेकर रुपया पैसा गहना वह धन क्या अवसर आने पर जो त्याग भाव दिखला न सका।देश धर्म की रक्षार्थ अपना सब कुछ महाराणा प्रताप को दान करने वाले दानवीर तेली समाज के गौरव वैश्य शिरोमणि महाराजा रुभामाशाह जी की जयंती पर कोटिशः नमन किया।कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष नंदलाल साह ने कहा की जयंती समारोह में धन्य देश की माटी है जिसमें भामा सा लाल पला।उस दानवीर की यश गाथा को मेट सका क्या काल भला गीत गुनगुनाए।सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव शिवानंद साह ने कहा ने कहा कि महाराणा प्रताप के 25000 हजार सैनिकों के लिए 12 वर्ष तक के लिए राशन और सैनिक साजोसामान के लिए अपनी पूरी संपत्ति समर्पण करने वाले भारतीय इतिहास के गौरवशाली अध्याय स्थापित किये।वैश्य शिरोमणि,राष्ट्र-गौरव महादानवीर-भामाशाह की जन्म जयंती पर शत शत नमन करता हुं। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए जिला अध्यक्ष अनिल साह ने कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले को देखने में शांतिपूर्वक ध्यान मे रखते हुए कार्यक्रम शांतिपूर्वक किया गया है। उनकी आत्मा लिए 2 मिनट का मौन व्रत रखा एवं सभी तैलिक बंधुओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पिंटू साह,विसजीत मंडल शिवचरण साह,अमन साह,तपेश साह, गणेश साह,पर्दीप साह,प्रेम लाल साह,हरिशंकर साह,ललिता देवी,सुनीता देवी,राजा राम साह, अजय कुमार पावन साह,अमित साह सौरभ साह आनंद,गौरव साह व समाज के गणमान्य लोगों को पगड़ी एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

## शादी का झांसा देकर किशोरी का यौन शोषण करने का आरोपी गिरफ्तार

मेट्रो रेज

**गिरिडीह :** जिले के देवरी थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर गांव की किशोरी का यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की लिखित शिकायत पर देवरी थाना पुलिस ने आरोपी गुलाम मुस्तफा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया है। किशोरी ने थाने में दिए आवेदन में कहा है कि जुलाई वर्ष 2024 में वह भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के झगरुडीह गई थी। वहां उसकी मुलाकात देवरी थाना क्षेत्र के सुखलजोरिया गांव निवासी आरोपी गुलाम मुस्तफा से हुई। धीरे धीरे दोनों में नजदीकी हुई। इसी दौरान गुलाम मुस्तफा ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। ऐसा उसने कई बार किया। पीड़िता ने बताया कि 24 अप्रैल की रात गुलाम मुस्तफा ने फोन कर घर से बाहर आने को कहा। बोला कि चलो कहीं भाग चलें। उसके कहे अनुसार जब वह घर से निकली, तो माता पिता ने देख लिया। अब वह शादी से इंकार कर रहा है। इधर, देवरी थाना के एसई गणेश यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है

## सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने जारी किया रद्द हुए परीक्षा की नई तिथि

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने 26 अप्रैल 2025को रद्द हुई परीक्षा के लिए नई तिथि घोषित कर दी है। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, अब यह परीक्षा 8 मई 2025 को प्रथम पाली में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा ग्रुप-सी के अंतर्गत मेजर-3 विषय की है, जिसे अपरिहार्य कारणों से पहले रद्द कर दिया गया था। अन्य सभी विषयों की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संचालित की जाएंगी। नई तिथि से जुड़ी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

# संविधान बचाओ रैली में कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर लें हिस्सा : बरकत खान

मेट्रो रेज




**साहिबगंज :** शहर के बंगाली टोला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में संविधान बचाओ अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष बरकत खान की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें कांग्रेस के सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता के साथ संविधान बचाओ रैली को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष बरकत खान ने संविधान बचाओ रैली की तैयारियों पर जोर दिया,कहा कि संविधान बचाओ रैली में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर हिस्सा ले।बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष बरकत खान ने बताया कि 06 मई को रांची में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यक्रम में जिले से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता शामिल होकर रैली को सफल बनाने की बात कही।उन्होंने कहा कि यह रैली संविधान की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।क्योंकि संविधान के अनुसार नहीं चल रहा देश।जिला स्तरीय संविधान बचाओ के तहत बरहरवा प्रखंड में रैली 30 अप्रैल 2025 को साहेबगंज जिला के प्रदेश प्रभारी मणिशंकर के नेतृत्व मे निकला जाएगा,01 मई 2025 को उत्सव बैंक्विट हॉल जिला परिषद साहिबगंज में होने वाले मंथन संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा हुई। इस बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड सरकार दीपिका पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता को दिए गए कई निर्देश।जबकि 11 से 17 मई तक घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा।वहीं 20 मई से 30 मई तक जनता के साथ घरेलू स्तर पर संघवाद स्थापित करने की बात कही। उन्होंने संगठन को जिला से लेकर पंचायत स्तर तक कैसे मजबूत किया जाय उसके बारे में बताया। मौके पर मुर्शाद अली,बासुकीनाथ यादव,अशोक पासवान,सरफराज आलम,नदीम अखलाक,श्री राम ओझा,रंजीत टुडू,परवेज आलम, अली कुरैसी,नेहाल अख्तर, अजीज अंसारी, सनाउल्ल्हा अंसारी, ताबिश इकबाल, सलाउद्दीन अंसारी, दिलीप गुप्ता, रिजवान अंसारी, अजीज अंसारी, अफजर अंसारी, अनीता देवी, दिल अफरोज खातून, सबदुल अंसारी रियाज क्षंकरुण केवट सहित दर्जनों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



# मोहित सूरी की 'सैयारा' में चंकी पांडे के भतीजे के साथ आएंगी नजर अनीत पड्डा?

मोहित सूरी की आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'सैयारा' में लीड फीमेल एक्टर के तौर पर अनीत पड्डा नजर आएंगी। वह चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे के साथ इस फिल्म में कास्ट हुई हैं। मंगलवार को मोहित सूरी की आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'सैयारा' के रिलीज डेट और इसके लीड एक्टर्स की आधिकारिक घोषणा हुई। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में चंकी पांडे के भाई चिक्की पांडे के बेटे अहान पांडे और अनीत पड्डा लीड भूमिका में नजर आएंगे। सभी की निगाहें अहान और अनीत पर टिकी हैं। जानते हैं आखिर कौन हैं अनीत पड्डा?



### कहां से की अभिनय की शुरुआत?

अनीत पड्डा ने काजोल, विशाल जेठवा और प्रियामणि की 'सलाम वेंकी' से अपने अभिनय की शुरुआत की। साल 2022 में रिलीज होने वाली इस फिल्म में अनीत ने नंदिनी की भूमिका निभाई थी। साल 2024 में, उन्होंने नित्या मेहरा की वेब सीरीज बिग 'गर्ल्स डोंट क्राई' में अभिनय किया, जहां उन्होंने रूही आहूजा की भूमिका निभाई।

### सोशल मीडिया पर मौजूदगी

22 साल की अनीत सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा सक्रिय नहीं रहती हैं। हालांकि, वह अपने काम से जुड़े अपडेट लगातार साझा करती रहती हैं।

# टाइगर श्रॉफ को जान से मारने की धमकी के मामले में बड़ा खुलासा



**बॉलीवुड** स्टार्स की चमक-धमक भरी लाइफ को देख हर किसी के मन में यह जरूर आता है- वाह! क्या लाइफ है, लेकिन यह स्टारडम उनकी कई परेशानियों का कारण भी बन जाता है। उन्हें कड़ी सुरक्षा में चलना पड़ता है। कभी वह फैंस की भीड़ से घिर जाते हैं, तो कभी कोई उन्हें जान से मारने की धमकी दे देता है। ऐसी ही जान से मारने की धमकी को लेकर एक्टर टाइगर श्रॉफ सुर्खियों में बने हुए हैं। जब इस बात की खबर मुंबई पुलिस को मिली, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। हालांकि बाद में इस मामले में चौंकाने वाला मोड़ सामने आया। दरअसल, मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक फोन आया, जिसमें पुलिस को बताया गया कि सिक्योरिटी कंपनी ट्रिग के कुछ लोग एक्टर टाइगर श्रॉफ की हत्या करने जा रहे हैं। उनकी हत्या के लिए हथियार और दो लाख की सुपारी भी दी गई है। इस फोन कॉल के बाद पुलिस हरकत में आ गई और फौरन जांच शुरू कर दी।

जांच में सूचना को गलत पाया गया और पता चला कि यह फोन कॉल 35 वर्षीय मनीष कुमार सुजिंदर सिंह ने की है, जो मूल रूप से पंजाब का रहने वाला है। खार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है। आए दिन अभिनेताओं को जान से मारने की धमकी मिलती रही है। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम बॉलीवुड एक्टर सलमान खान का आता है। इससे पहले सलमान को भी कंट्रोल रूम में इसी तरह की धमकी भरी कॉल आई थी। उन्हें कई बार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उनके गैंग की तरफ से जान से मारने की धमकी मिल चुकी हैं। उनके मुंबई स्थित घर में दो बाइक सवारों ने फायरिंग भी की थी, जिसके बाद उनकी सुरक्षा को बढ़ा दिया गया।

टाइगर श्रॉफ की बात करें तो उन्होंने साल 2014 में फिल्म हीरोपंती से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ एक्ट्रेस कृति सेनन नजर आई थीं, दोनों की केमिस्ट्री

## पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया केस

को काफी पसंद किया गया। इसके बाद वह बागी में नजर आए, जिसमें उन्होंने अपने स्टंट और फाइट सीक्वेंस से लोगों को अपना दीवाना बना दिया। इसके अलावा, उन्होंने ए फ्लाइंग जट्ट, मुन्ना माइकल, हीरोपंती 2, वॉर, स्टूडेंट ऑफ द ईयर, गणपत, बागी-2, बागी 3 और सिंघम अगेन जैसी फिल्मों के जरिए बॉलीवुड में स्टारडम हासिल किया। वह अब बागी 4 की तैयारियों में जुटे हैं।

# लोग मेरे बारे में जानते नहीं हैं: रानी चटर्जी

भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन रानी चटर्जी फिटनेस के मामले में बॉलीवुड एक्ट्रेसेज को कड़ी टक्कर देती हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और वर्कआउट के वीडियोज पोस्ट करती रहती हैं। इसी कड़ी में उन्होंने एक बार फिर वर्कआउट को लेकर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। अपने जिम लुक से वह फैंस के दिलों पर राज कर रही हैं। फोटोज में रानी जिम में नजर आ रही हैं और वर्कआउट कर रही हैं। इसके अलावा, अन्य तस्वीरों में वह सेल्फी क्लिक करती दिख रही हैं। इंस्टाग्राम पर इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, हैलो मंडे.. अपने आप से प्यार करो, अपने ऊपर काम करो, बहुत से लोग मेरे बारे में जानते नहीं हैं कि मुझमें बहुत धैर्य है। रानी के इस पोस्ट को और उनके जिम लुक को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रानी चटर्जी का असली नाम साहिबा शेख है। सभी सरकारी दस्तावेजों में वह इसी नाम से पहचानी जाती हैं। उनके फिल्मी नाम से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा भी है। बताया जाता है कि साल 2004 में वह भोजपुरी फिल्म ससुरा बड़ा पैसा वाला की शूटिंग कर रही थीं। इस फिल्म का एक सीन मंदिर में शूट होना था। कथित तौर पर जब एक रिपोर्टर ने उनसे उनका नाम पूछा, तब डायरेक्टर ने हंगामे से बचने के लिए उनका नाम बदलकर रानी चटर्जी बता दिया। डायरेक्टर को डर था कि वहां के लोग मुस्लिम लड़की के मंदिर में प्रवेश करने से हंगामा कर सकते हैं। इसके बाद वह रानी के नाम से ही मशहूर हो गईं।

# शाहरुख के बाद आमिर भी खाली करेंगे बांद्रा वाला घर




शाहरुख खान के बाद आमिर खान भी अपने बांद्रा स्थित घर को खाली करने जा रहे हैं, क्योंकि उसका रिनोवेशन किया जा रहा है। अभिनेता के पाली हिल स्थित घर को मैन इंफ्राकंस्ट्रक्शन लिमिटेड (एमआईसीएल) द्वारा अल्ट्रा-लक्जरी प्रोजेक्ट में तब्दील किया जाएगा। शाहरुख खान के मुंबई में अपने घर मन्नत से बाहर निकलने के कुछ दिनों बाद अभिनेता आमिर खान भी पाली हिल में अपने घर से बाहर निकलने की तैयारी कर रहे हैं, क्योंकि इमारत का रिनोवेशन किया जा रहा है। रियल एस्टेट डेवलपर मैन इंफ्राकंस्ट्रक्शन लिमिटेड इस साल के अंत में मुंबई के बांद्रा में पाली हिल इलाके में एक अल्ट्रा-लक्जरी प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह प्रोजेक्ट विर्गो कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी के रिनोवेशन का हिस्सा है।

### आमिर का अपार्टमेंट

आमिर खान ने बांद्रा के पाली हिल इलाके में एक और अपार्टमेंट खरीदा था। यह संपत्ति 1027 वर्ग फीट में फैली है और इसकी कीमत नौ करोड़ रुपये है।

# अमिताभ बच्चन ने शेयर किया मंत्र बताया- यह सभी बीमारियों का इलाज



**मेगास्टार** अमिताभ बच्चन 82 साल की उम्र में भी काफी फिट और एनर्जेटिक हैं। फिल्मों में उनका जज्बा यंग एक्टर्स के लिए प्रेरणादायक होता है। उनका करियर पांच दशकों से भी ज्यादा लंबा है। अपने जोश और जज्बे को लेकर बिग बी ने बड़ा खुलासा किया और सभी बीमारियों का एक इलाज बताते हुए मंत्र भी फैंस के साथ शेयर किया। अमिताभ ने सोशल नेटवर्किंग साइट टम्बलर पर अपने ब्लॉग में लिखा, काम सभी बीमारियों का इलाज है... मैंने काम किया... बिग बी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। उनकी पहली फिल्म सात हिंदुस्तानी थी, जिसमें उन्होंने अनवर अली नाम के एक कवि का किरदार निभाया था। लेकिन, असली पहचान उन्हें प्रकाश मेहरा की फिल्म जंजीर से मिली।

इस फिल्म में उन्होंने इंस्पेक्टर विजय खन्ना की भूमिका निभाई। इसके बाद उन्होंने शोले, दीवार, शहंशाह, मर्द, कुली, आनंद, रोटी कपड़ा और मकान जैसी एक के बाद एक सुपरहिट फिल्में दी। उन्होंने हेरा फेरी, अमर अकबर एंथोनी, परवरिश, कसमे वादे, डॉन, त्रिशूल, मुकद्दर का सिकंदर, सुहाग, दोस्ताना, नसीब, लावारिस, नमक हलाल, अंधा कानून, शराबी, नमक हराम, अभिमान, काला पत्थर, शान, सिलसिला, याराना, कालिया, शक्ति, मिली, चुपके चुपके, चीनी कम, निशब्द, ब्लैक, पीकू और पिंक जैसी शानदार फिल्मों में भी काम किया। अमिताभ ने 2024 में वेट्टैयन के साथ तमिल डेब्यू भी किया। वर्कफ्रंट की बात करें तो 2015 में रिलीज हुई, उनकी कॉमेडी ड्रामा फिल्म पीकू 9 मई को एक बार फिर सिनेमाघरों में आने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन शूजित सरकार ने किया है।

# शाहरुख खान के साथ काम करेंगे अरशद वारसी



शाहरुख खान की फिल्म किंग एक वजह से सुर्खियों में है और वो है कास्टिंग। हालांकि फिल्म की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन शुरुआत में ऐसी खबरें थीं कि शाहरुख के अलावा इस फिल्म में उनकी बेटी सुहाना खान, अभिषेक बच्चन और मुंजा फेम एक्टर अभय वर्मा भी हैं। हालांकि, पिछले कुछ हफ्तों से एक बार फिर फिल्म की कास्टिंग को लेकर कई खबरें आ रही हैं।

**अरशद वारसी हुए फिल्म में शामिल?**

अब खबर है कि फिल्म में एक और कलाकार की एंट्री हुई है। अब पीपिंग मून की एक रिपोर्ट के मुताबिक, किंग की कास्ट में अरशद वारसी भी शामिल हो गए हैं। कथित तौर पर अभिनेता इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे और उनके किरदार के बारे में ज्यादा जानकारी गुप्त रखी गई है।

**अरशद की फिल्म में शाहरुख खान ने किया था कैमियो**

2005 में शाहरुख खान ने अरशद की फिल्म कुछ मीठा हो जाए में कैमियो किया था, लेकिन दोनों ने एक साथ ऐसी कोई फिल्म नहीं की है जिसमें उन्होंने पूरी भूमिका निभाई हो। दिलचस्प बात यह है कि शाहरुख खान को मुन्ना भाई एमबीबीएस का ऑफर किया गया था, लेकिन वह इसे नहीं कर पाए, इसलिए अगर सुपरस्टार राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में काम करते तो वह और अरशद असली मुन्ना और सर्किट होते।



### दीपिका भी होंगी फिल्म का हिस्सा?

कुछ दिनों पहले ऐसी खबरें आई थीं कि दीपिका पादुकोण को इस फिल्म में एक विस्तारित कैमियो करने के लिए चुना गया है। कथित तौर पर, वह फिल्म में सुहाना खान की मां और शाहरुख की पूर्व प्रेमिका के रूप में नजर आएंगी। हालांकि, इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने एक्स पर पोस्ट किया था, फॉल्स। अब सिद्धार्थ के इस ट्वीट ने यूजर्स को सोच में डाल दिया कि क्या वह दीपिका के फिल्म में अभिनय करने की खबरों का खंडन कर रहे हैं।

# तय समय पर रिलीज नहीं होगी विजय देवरकोंडा की किंगडम? अनिरुद्ध रविचंदर बने फिल्म में देरी की वजह

विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर फिल्म किंगडम को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का पहला टीजर जारी किया था, जिसके बाद से फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर और उत्साह बढ़ गया। हालांकि, अब लगता है कि फिल्म की रिलीज पर संकट आ गया।



**फिल्म की रिलीज में हो सकती है देरी**

विजय देवरकोंडा ने जर्सी के निर्देशक गौतम तिन्नानुरी के साथ किंगडम के लिए हाथ मिलाया। यह फिल्म एक साल से अधिक समय से बन रही है और 30 मई, 2025 को स्क्रीन पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन ताजा चर्चा के अनुसार, किंगडम की रिलीज को टाला जा सकता है। इसके कई कारण हैं, लेकिन फिल्म के साथ सबसे बड़ी समस्या संगीत है।

**इस वजह से फिल्म में हो रही देरी**

अनिरुद्ध किंगडम के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं और उन्हें अभी बैकग्राउंड स्कोर तैयार करना है। उन्हें अभी बहुत सारा काम पूरा करना है, और चूंकि वे कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं, इसलिए उन्हें विजय की फिल्म के लिए समय नहीं मिल पा रहा है। ओटीटी प्ले के अनुसार, निर्माता थोड़े चिंतित हैं, क्योंकि उन्होंने किंगडम के लिए भारत भर में व्यापक प्रचार की योजना बनाई है और यदि वे तारीख से चूक जाते हैं तो उन्हें अगस्त 2025 की ओर देखना होगा, क्योंकि मई और जून में अन्य तेलुगु बड़ी फिल्में रिलीज होंगी।

**फिल्म का एक शेड्यूल भी है बाकी**

निर्माता नागा वामसी ने अपने कई साक्षात्कारों में खुलासा किया कि अनिरुद्ध एक ऐसे संगीतकार हैं, जो दबाव में काम नहीं करते और अपनी शर्तों पर काम पूरा करते हैं।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आजमाएगी नए संयोजन

एजेंसी

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मुकाबलों में हार के बाद अब भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में उतरने जा रही है। यह मुकाबले 1, 3 और 4 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे।



**शुरूआती दो हार के बाद अब नई रणनीति की तैयारी :** पहले मैच में भारत ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन अंत में 3-5 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ए ने पहले हाफ में ही चार गोल दाग दिए। भारत की ओर से कप्तान महिमा टेटे (27'), नवनीत कौर (45') और लालरेमसियामी (50') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ए के लिए नीसा फ्लिन (3'), ओलिविया डाउन्स (9'), रूबी हैरिस (11'), टैटम स्टीवर्ट (21') और केंद्रा फिट्जपैट्रिक (44') ने गोल किए।

दूसरे मैच में भारत को 2-3 से हार झेलनी पड़ी। इस मैच में भारत ने ज्योति सिंह (13') के जरिए शुरूआती बढ़त बनाई, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से एवी स्टैंसबी (17'), डेल डोल्केन्स (48') और जैमी-ली सुरहा (52') ने गोल दागे। भारत की ओर से दूसरा गोल सुनलीता टोप्पो (59') ने किया लेकिन बराबरी नहीं हो पाई।

**सीनियर ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाफ होगी असली परीक्षा :** अब भारतीय टीम सीनियर ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाफ मैदान में उतरेगी, जिससे मुकाबला और भी चुनौतीपूर्ण होगा। पिछली बार जब दोनों टीमें आमने-सामने आई थीं, तब भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023झ24 में 1-0 से जीत दर्ज की थी। कप्तान सलीमा टेटे और उपकप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में 26 सदस्यीय भारतीय टीम इस बार भी उसी जज्बे के साथ उतरने को तैयार है।

**कोच हरेंद्र सिंह ने युवाओं पर जताया भरोसा :** टीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए चीफ कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, 'हमने कुछ सॉफ्ट गोल जरूर खाए हैं जो निराशाजनक रहे, लेकिन प्रदर्शन काफी प्रतिस्पर्धी रहा है। यह टेस्ट सीरीज है, यहां जीत-हार से ज्यादा अनुभव अहम है। कई खिलाड़ी पहली बार देश से बाहर खेलने आए हैं। मैं उन्हें मौका दे रहा हूं ताकि वे भविष्य के लिए तैयार हो सकें। अब तक लगभग सभी को खेलने का मौका मिला है, लेकिन अब हम सर्वश्रेष्ठ संयोजनों को आजमाएंगे।'

सिंह ने बताया कि वर्ल्ड कप से पहले हर युवा खिलाड़ी को कम से कम 35 इंटरनेशनल मैच खेलने का लक्ष्य है। महिमा टेटे ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। वह तेज, फुतीर्ली और बहुत संभावनाशाली खिलाड़ी हैं। साथ ही पूजा, सुजाता, अजमीना जैसी खिलाड़ी भी अच्छा कर रही हैं। उन्होंने अंत में कहा, 'टीम में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है और सभी खिलाड़ी सीखने की कोशिश कर रहे हैं। हमें कठिन टीमों के खिलाफ सरल हॉकी खेलते हुए अनुभव बटोरना है।'

कोलकाता होटल अग्निकांड

# बिना अग्नि सुरक्षा इंतजामों के चल रहा था छह मंजिला होटल, मालिक फरार

एजेंसी

**कोलकाता।** मध्य कोलकाता के मदन मोहन बर्मन स्ट्रीट स्थित एक छह मंजिला होटल में मंगलवार रात लगी भीषण आग में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। बुधवार सुबह तक राहत और बचाव कार्य जारी रहा, लेकिन इस घटना ने अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। प्रारंभिक जांच में होटल प्रबंधन की गंभीर लापरवाही सामने आई है, वहीं होटल का मालिक आग लगने के बाद से फरार बताया जा रहा है।

मौके पर मौजूद राज्य अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि होटल में न तो पर्याप्त अग्निशमन उपकरण थे, न ही वेंटिलेशन की समुचित व्यवस्था। साथ ही, होटल में आने-जाने के लिए केवल एक ही रास्ता था, जिससे बचाव कार्य में भारी कठिनाई आई। एक



अधिकारी ने बताया कि मृतकों में से 13 की मौत आग में झुलसने से नहीं, बल्कि दम घुटने से हुई। एक अन्य व्यक्ति ने घबराकर नीचे कूदने की कोशिश में जान गंवा दी। होटल के भीतर पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं था, जिससे धुएं का जमाव बढ़ता गया और लोग समय रहते बाहर नहीं निकल सके। होटल में ठहरे मेहमानों ने भी पुष्टि की कि पूरी इमारत में केवल एक ही प्रवेश और निकास द्वार था। एक चश्मदीद ने कहा, ह्लअगर एक और निकास मार्ग होता तो शायद कुछ और जानें बचाई जा सकती थींह्व इसके अलावा होटल में आग बुझाने के लिए पाइप लाइन तो मौजूद थी, लेकिन आपात स्थिति में इस्तेमाल के लिए रिजर्व पानी उपलब्ध नहीं था। यदि पानी मौजूद होता तो आग के फैलने से पहले भीतर मौजूद लोग प्राथमिक स्तर पर आग पर काबू पा सकते थे।

राज्य अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और होटल प्रबंधन की लापरवाही स्वीकार की। उन्होंने कहा कि पूरे भवन में आपात स्थिति से निपटने के कोई इंतजाम नहीं थे। हर तरफ कांच की दीवारें थीं, जिससे वेंटिलेशन और स्मोक एग्जॉस्ट की कोई सुविधा नहीं थी। कई जगह फायर फाइटर्स को कांच तोड़कर आग के स्रोत तक पहुंचना पड़ा। होटल प्रबंधन के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोलकाता पुलिस के मुताबिक अग्निकांड सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि लापरवाही और नियमों के उल्लंघन का गंभीर उदाहरण है, जिसने कई ज़िंदगियां लील लीं।

**प्रधानमंत्री ने व्यक्त किया दुख**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दुखद घटना गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## पुलिस से बचने के लिए चलती गाड़ी से कूदे आरोपित, एक की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले के वसंत कुंज नॉर्थ इलाके में पुलिस ने दो लोगों को संदिग्ध गतिविधियों के चलते पकड़ा है, जिनके पास से चोरी की बाइक और हथियार बरामद हुए। जब पुलिस इन्हें लेकर थाने जा रही थी तो उन्होंने पुलिस की चलती गाड़ी से छलांग लगा दी। जिससे एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों ने पुलिस पर हिरासत में मौत का आरोप लगाया और समालखा-कापसहेड़ा रोड पर जाम लगा दिया। साथ ही पुलिस पर पथराव किया। पुलिस के अनुसार इस मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और मामले की न्यायिक जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार यह घटना वसंत कुंज नॉर्थ थाने के पास उस समय हुई जब मंगलवार को हथियार और वाहन चोरी के एक मामले में गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपितों को हवालात ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह और कांस्टेबल नितेश यहां मोटरसाइकिल पर सवार होकर नियमित गश्त कर रहे थे, तभी उन्होंने एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियां देखीं।

नकली नोट छापने वाली गैंग का पुलिस ने पदार्फाश किया

# 7.50 लाख की फेक करेंसी के साथ दो बदमाशों को हिरासत में लिया

एजेंसी

जोधपुर, 30 अप्रैल (हि.स.)। जोधपुर में नकली नोट छापने वाली गैंग का पुलिस ने पदार्फाश किया है। आरोपितों के पास 7.50 लाख की फेक करेंसी भी मिली है। बदमाशों ने किराए के कमरे में नोट छापने का पूरा सेटअप तैयार कर रखा था। मंगलवार रात जोधपुर पुलिस ने मंडोर कृषि उपज मंडी में कार्रवाई की। नकली नोटों के साथ नागौर के रहने वाले दो बदमाशों को हिरासत में लिया है। डीसीपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि गैंग की एक्टिवटी पर लंबे समय से नजर रखी जा रही थी। मौका देखकर मंगलवार को दबिश दी गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपितों ने मंडी की एक दुकान के ऊपर ही ठिकाना बना रखा था। अंदेशा है कि वे बड़े व्यापारियों को नकली नोट खपाने का प्रयास करते थे। गैंग 2 लाख रुपये के बदले में 500-500 के 10 लाख के जाली नोट देती थी। छापेमारी में आरोपितों के पास फेक करेंसी के अलावा कलर प्रिंटर, स्कैनर, कटर, पेपर के पैकेट, कंप्यूटर सिस्टम बरामद किए हैं। पुलिस टीम ने यहां से 2 बदमाशों को हिरासत में लिया।

डीसीपी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि जोधपुर में मंडोर मंडी और आसपास के ग्रामीण गांव-कस्बों में पांच-पांच सौ के नकली नोट चलाए जा रहे हैं। इस पर डीएसटी (ईस्ट) प्रभारी श्यामसिंह की अगुवाई में टीम को जाली नोट छापने वाले गिरोह का पता लगाने के निर्देश दिए। इस टीम के साथ पुलिस के साइबर एक्सपर्ट्स भी थे। कुछ दिन तक जानकारी जुटाने के बाद आरोपियों के बारे में जानकारी मिली। पुलिस अब इनसे पूछताछ कर नेटवर्क में शामिल अन्य बदमाशों के साथ-साथ अब तक कितने नोट कहां खपाए गए थे, उसकी जानकारी भी जुटाने का प्रयास कर रही है।

# 'रन फॉर वन नेशन वन इलेक्शन' दौड़ को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हरी झंडी दिखाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के स्टेडियम में आयोजित ह्यरन फॉर वन नेशन वन इलेक्शनह्ल दौड़ को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, पूर्व ओलंपिक खिलाड़ी एवं भाजपा नेता बबीता फोगाट और दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौड़ में छात्रों के साथ सहभागी होना एक अद्भुत अनुभव रहा। युवा छात्रों की ऊर्जा, राष्ट्र के प्रति समर्पण, और एक बेहतर लोकतंत्र की आकांक्षा ने गहराई से मन को छू लिया। यह केवल एक दौड़ नहीं है, यह एक सपना और एक विश्वास है कि हम मिलकर देश की चुनावी व्यवस्था में बदलाव ला सकते हैं। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्यवन नेशन वन इलेक्शनह्ल एक ऐसा समाधान है, जो हमारे लोकतंत्र को मजबूत कर सकता है। वर्तमान में, चुनाव अक्सर होते रहते हैं, कभी एक राज्य में, कभी दूसरे राज्य में। इन चुनावों में बहुत सारा पैसा खर्च होता है, जो लोगों द्वारा दिए गए टैक्स से आता है। अगर सभी चुनाव एक ही समय पर हों, तो हम इस पैसे को बचा सकते हैं और इसका इस्तेमाल देश के विकास के लिए कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्यवन नेशन वन इलेक्शनह्ल विजन को एक बड़ा जन-आंदोलन बनाएं ताकि आने वाली पीढ़ियां एक संगठित, सशक्त और विकसित भारत को देखें। एक राष्ट्र, एक चुनाव सशक्त लोकतंत्र की ओर संगठित कदम है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत की प्रगति और आर्थिक विकास के लिए ह्यवन नेशन वन इलेक्शनह्ल समय की मांग है। अगर हम 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखते हैं, तो हर पांच साल में एक बार चुनाव कराने से देश विकास कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेगा और विकास को गति दे सकेगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने क्लैट परीक्षा परिणाम जारी करने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट-2025) के परिणाम जारी करने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। हाई कोर्ट ने पांच वर्षीय एलएलबी में दाखिले के लिए हुई परीक्षा में पूछे गए कुछ प्रश्नों को गलत मानते हुए परीक्षा का आयोजन करने वाले कंसोर्टियम ऑफ लॉ यूनिवर्सिटीज को चार हफ्ते के अंदर दोबारा रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया था। जस्टिस बीआर गवई ने कंसोर्टियम ऑफ लॉ यूनिवर्सिटीज को निर्देश दिया कि वे अपनी वेबसाइट में इस बात का जिक्र करें कि सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई



है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 23 अप्रैल को कंसोर्टियम ऑफ लॉ यूनिवर्सिटीज को निर्देश दिया था कि वे चार हफ्ते के अंदर दोबारा रिजल्ट जारी करें। इसी फैसले को कंसोर्टियम ऑफ लॉ यूनिवर्सिटीज ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इससे पहले 6 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने देश के विभिन्न हाई कोर्ट में चल रहे सभी मामलों को दिल्ली हाई कोर्ट में ट्रांसफर करने का आदेश दिया था। सीएलएटी 2025 के दाखिले के लिए दिसंबर, 2024 में परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के रिजल्ट को चुनौती देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट, कर्नाटक हाई कोर्ट, झारखंड हाई कोर्ट, राजस्थान हाई कोर्ट, बॉम्बे हाई कोर्ट, मध्यप्रदेश हाई कोर्ट और पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में परीक्षार्थियों की ओर से याचिकाएं दायर की गई थीं। याचिकाओं में कहा गया था कि परीक्षा में पूछे गए कई प्रश्न गलत थे।

हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने दिसंबर, 2024 में कहा था कि इस परीक्षा के दो उत्तर गलत थे। सिंगल बेंच ने कंसोर्टियम को निर्देश दिया था कि वे याचिकाकर्ताओं के परीक्षा परिणामों को दोबारा जारी करें। सिंगल बेंच के आदेश पर डिवीजन बेंच ने भी मुहर लगा दी थी।

# केदारनाथ यात्रा ड्यूटी में लगे कार्मिकों को 20 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा

एजेंसी

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा-2025 को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने में जुटे सभी कार्मिकों को 20 लाख रुपये का निःशुल्क दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार के निर्देश पर यह व्यवस्था की गई है। ज़िला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश मिश्र को इस कार्य का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। डॉ. गहरवार के नेतृत्व में जिला प्रशासन यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा है। सिरोबगड़ से श्री केदारनाथ धाम तक तैनात विभिन्न विभागों के कार्मिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह बीमा कवर लागू किया गया है। इस यात्रा में बड़ी संख्या में पीआरडी स्वयंसेवक, नगर पालिका, नगर पंचायत, ज़िला पंचायत के पर्यावरण मित्र, जल संस्थान, ऊर्जा निगम, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, बीकेटीसी के बड़ी मात्रा में कार्मिक दिन रात ड्यूटी में लगे रहते हैं। इन कार्मिकों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए इन सभी कार्मिकों का 20 लाख रुपये का मुफ़्त दुर्घटना बीमा कवर दिया जा रहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रुद्रप्रयाग डॉ. आशीष रावत ने कहा कि जिलाधिकारी का यह प्रयास सराहनीय है। इससे ना केवल यात्रा में लगे कार्मिकों को अपने कार्यों के प्रति और संवेदनशील होने की प्रेरणा मिलेगी अपितु किसी दुर्घटना की स्थिति में उनके परिजनों को अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी प्राप्त हो सकेगी। शरद लाल पीआरडी स्वयंसेवक ने कहा कि पीआरडी स्वयंसेवकों की ओर से मैं ज़िला प्रशासन को इस पहल के लिए बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने हम संविदा, आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी कार्मिकों के बारे में सोचा और इतनी अच्छी पहल की। इससे हमें अपने कार्यों को और भी मेहनत और समर्पण से करने की प्रेरणा मिलेगी।

# लोको पायलटों को दी जा रही बेहतरीन सुविधाएं, वर्किंग कंडीशन में आया है सुधार

एजेंसी

**कोटा।** लोको पायलट भारतीय रेल परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। उनके वर्किंग कंडीशन को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। पिछले 10 वर्षों में लोको पायलटों के सभी रनिंग रूम को वातानुकूलित किया गया है और उन्हें अच्छे से सुसज्जित किया गया है। 2014 से पहले देश का एक भी रनिंग रूम वातानुकूलित नहीं था।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-जन सम्पर्क अधिकारी, कोटा सौरभ जैन के अनुसार पिछले 10 वर्षों में आधे से ज्यादा लोको केबिनों को एर्गोनॉमिक सीटों, वातानुकूलन और अन्य सुधारों के साथ अपग्रेड किया गया है। 2014 से पहले एक भी



लोको केबिन वातानुकूलित नहीं था। सभी नये लोकोमोटिव्स में शौचालय लगाए जा रहे हैं। 2014 से पहले यह निर्माण योजना का हिस्सा भी नहीं था। पुराने लोकोमोटिव्स में शौचालय लगाने के लिए रेट्रोफिटिंग की जा रही है। इसके लिए डिजाइन में संशोधन भी किए जा रहे हैं।

जिन मार्गों पर भारी ट्रैफिक रहता है, वहाँ नए रनिंग रूम बनाए जा रहे हैं। इन प्रयासों से लोको पायलटो के वर्किंग आवर्स में उल्लेखनीय कमी आई है।

जैन ने बताया कि कोहरे में सुरक्षा के लिए फॉग- सेफ्टी उपकरण, कवच, ड्राइवर अलर्ट सिस्टम और इंप्रूव्ड ब्रेकिंग सिस्टम जैसी तकनीकों से रेलवे सेफ्टी बेहतर हुई है और लोको पायलटो को भी काफी सुविधा मिली है।

ऑनबोर्ड सुविधाएँ, उन्नत तकनीकें और रेस्ट के लिए पर्याप्त समय से लोको पायलटो के कार्य वातावरण लगातार बेहतर हुए हैं।

मालगाड़ी सबअर्बन ट्रेन और पैसेंजर एवं मेल एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन करने वाले लोको पायलटों के टॉयलेट ब्रेक और स्नेक्स हेतु व्यवस्था रहती है। माल गाड़ियां कई स्टेशनों और यार्ड में रुकती हैं। इन स्टेशनों पर पर्याप्त समय होता है जिससे कर्मचारी शौचालय का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही यह समय नाश्ते के लिए भी उपयोग में लाया जा सकता है।

सबअर्बन तथा मेट्रो ट्रेनों का परिचालन अल्प दूरी के लिए किया जाता है और इनके चालक दल टर्मिनल स्टेशनों पर शौचालय का उपयोग करते हैं। पैसेंजर ट्रेनों पर कार्यरत कर्मचारी स्टेशन पर ट्रेन के खड़े रहने के दौरान ट्रेन के शौचालय का उपयोग करते हैं और इस समय का उपयोग नाश्ते के लिए भी करते हैं। स्टेशन के कर्मचारी लोको पायलटों को सदेव सहयोग देते हैं। लोको पायलटो को वॉकी टॉकी की सुविधा भी दी गई है इसके द्वारा वह स्टेशन कर्मचारियों के संपर्क में रहते हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर में 1 मई से 5 मई तक हल्की बारिश की संभावना

**श्रीनगर।** मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 30 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में मौसम गर्म और शुष्क रहने की संभावना है। लेकिन 1 मई से 5 मई तक कुछ स्थानों पर गरज और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 6 मई से 8 मई तक क्षेत्र में मौसम की स्थिति आमतौर पर शुष्क रहने की उम्मीद है, जिसमें बहुत कम या बिल्कुल भी वर्षा नहीं होगी। इस अवधि के दौरान दिन का तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। लेकिन 9 से 10 मई तक एक नया पश्चिमी विक्षोभ क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है जिससे कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

### अंसल ग्रुप के सात स्थानों पर ईडी की छापेमारी, फंड डायवर्जन मामलें में जांच

**लखनऊ ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने बुधवार को एक बार फिर से अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (अंसल ग्रुप) के कार्यालयों पर छापेमारी की। सुबह दस बजे के बाद ईडी की टीमों ने लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा एवं नई दिल्ली में सात स्थानों पर छापा मारकर फंड डायवर्जन मामले में आवश्यक दस्तावेजों को जब्त किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा खरीददारों (बायर्स) को लूटने वाले अंसल ग्रुप के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश के बाद से ईडी के अधिकारियों ने तीसरी बार छापेमारी करते हुए फंड डायवर्जन की जांच पड़ताल की है। यूपी रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) की जांच में प्रस्तुत हुई रिपोर्ट को आधार बनाकर ईडी ने छापेमारी की है। यूपी रेरा के अनुसार अंसल ग्रुप के मालिकों ने छह सौ करोड़ रुपयों का फंड डायवर्जन किया है, जिसकी जांच निरंतर जारी है। उल्लेखनीय है कि लखनऊ में अंसल ग्रुप के खिलाफ उसके बायर्स द्वारा अभी तक सौ के करीब एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। बायर्स ने रकम हड़पने, धोखाधड़ी करने और सरकारी भूमि की अवैध बिक्री जैसे आरोपों लगाया गया है। लखनऊ पुलिस समुचे प्रकरण में शुरूआत से ही सक्रिय है।

### भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश और राज्यों में राजनीतिक स्थिरता जरूरी: धर्मेंद्र प्रधान




**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान बुधवार को कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र एवं दुनिया की महाशक्ति बनना है तो देश एवं राज्यों में राजनीतिक स्थिरता जरूरी है। प्रधान दिल्ली विश्वविद्यालय में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' दौड़ के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौड़ का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय ने रग्बी स्टेडियम से किया था। यह दौड़ डीयू रग्बी स्टेडियम से शुरू होकर गेट नंबर 2 से होते हुए छात्रा मार्ग से गुजरी और डीयू परिसर का चक्कर लगते हुए स्टेडियम में आकार सम्पन्न हुई। शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा कि डीयू का इतिहास रहा है कि देश में किसी भी नई चीज की परिकल्पन होती है या तो वह डीयू के कैम्पस से निकलती है या फिर उसके इम्प्लीमेंटेशन में डीयू सबसे अग्रणी रहता है। आजादी के बाद 60 के दशक तक भारत में एक साथ ही चुनाव होते थे। पिछले 50 साल से यह शेड्यूल बिगड़ा हुआ है। बार-बार चुनाव से समय और राजस्व की हानि होती है। यह देश की प्रगति के लिए अच्छा नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ह्यएक राष्ट्र एक चुनावह्ल का आह्वान किया, लोकसभा ने उस पर प्रस्ताव ग्रहण किया और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में इस पर स्टेकहोल्डर्स से परामर्श लिए गए। अब देश ने इसे जन आंदोलन के रूप में ले लिया है। उन्होंने कहा कि ह्यएक राष्ट्र एक चुनावह्ल दौड़ केवल एक दौड़ मात्र नहीं है, बल्कि यह 2047 तक भारत को दुनिया में सबसे मजबूत देश बनाने के लिए दौड़ है। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज डीयू के इस प्रांगण में हम जो 'एक राष्ट्र एक चुनाव' दौड़ के लिए एकत्रित हुए हैं, तो यह भी हमारी देश के प्रति एक ज़िम्मेदारी है। इसी के लिए हम सब यहां आज एक मंच पर आए हैं। बार-बार चुनाव होने से हर वर्ष हजारों करोड़ रुपये का खर्च होता है। बार-बार आचार संहिता लगने से विकास कार्य प्रभावित होते हैं। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि ह्यएक राष्ट्र एक चुनावह्ल प्रोग्राम में डीयू महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अप्रैल महीने का यह तीसरा प्रोग्राम इस विषय पर डीयू में आयोजित हो रहा है। यह प्रोग्राम एक अच्छी शुरूआत है जो देश को आगे ले जाने में बहुत मदद करेगा। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने भी संबोधित किया।

### जेल से छूटने की आस में इमरान खान ने भी भारत के खिलाफ उगला जहर

**कराची।** भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भी भारत के खिलाफ जहर उगला है। मुल्क की एकजुटता की दुहाई देते हुए उनकी पार्टी पहले ही हुकूमत से उन्हें जेल से रिहा करने की गुहार लगा चुकी है।

द न्यूज इंटरनेशनल अखबार के अनुसार इमरान खान रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। पीटीआई संस्थापक की मंगलवार की फेसबुक पोस्ट के अनुसार उन्होंने रावलपिंडी की अदियाला जेल में वकीलों के साथ चर्चा के दौरान भारत की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा, "हम एक पाकिस्तानी राष्ट्र के रूप में दृढ़ता से खड़े हैं और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की युद्धोन्माद और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा पैदा करने वाली उनकी खतरनाक महत्वाकांक्षाओं की निंदा करते हैं।"

इमरान खान ने पहलगाम हमले पर घड़ियाली आंसू बहाते हुए पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि आत्मनिरीक्षण और जांच के बजाय भारत इसके लिए पाकिस्तान पर दोष मढ़ रहा है। इमरान ने कहा कि उन्होंने हमेशा कश्मीरियों के आत्मनिर्णय के अधिकार के महत्व पर जोर दिया है।

### मां फ्लाईओवर पर सड़क हादसा, बाइक सवार की मौत

**कोलकाता।** एक बार फिर महानगर कोलकाता स्थित मां फ्लाईओवर पर दुघर्टना हुई है। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, लापरवाही से बाइक चलाने के कारण दुर्घटना हुई है। बाइक का नियंत्रण खो जाने के कारण युवक छिटककर बाइक से गिर गया। घायल युवक को पास के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि स्थानीय लोगों के अनुसार दुर्घटना के बाद युवक काफी देर तक रक्त रंजित हालत में सड़क पर पड़ा रहा।

# पीएलएफआई के नाम पर लेवी मांगने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

- अपराधियों के पास से , एक देसी कट्टा, 315 बोर का तीन जिन्दा कारतूस, 12 बोर का एक जिंदा गोली और एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी
- जिला मुख्यालय में फायरिंग कर पीएलएफआई के नाम पर दहशत फैलाने की थी



**संवाददाता**

**गुमला :** जिला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने एसडीपीओ कार्यालय गुमला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने बताया की पीएलएफआई के नाम से लेवी मांगने का एक व्यापारी द्वारा 18 अप्रैल 2025 को एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई जिसपर मैं स्वयं संज्ञान लेते हुए और त्वरित कार्रवाई करते एक एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में एसआई टी. का गठन करते हुए , अनुसंधान शुरू की गई और इसी क्रम में लेवी मांगने के आरोपी रांची नगड़ी निवासी तस्लीम अंसारी जो इससे पूर्व में भी जिला मुख्यालय के व्यापारीयों से लेबी मांगने के आरोप में बर्ष 2012 में गिरफ्तार कर गुमला जेल जा चुका था , तथा जावेद अंसारी ( पिता - सलीम अंसारी) और इटकी निवासी मो जावेद ( पिता - खालिद) का आपराधिक रिकार्ड रहा है , मो जावेद पहले भी डकैती और रंगदारी मांगने के आरोप में पहले भी जेल भेजा गया था , जो फिलहाल बेल पर हैं । उक्त अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, 315 बोर का तीन जिन्दा कारतूस और 12 बोर का एक (बंदूक का ) जिन्दा गोली और एक ग्लैमर मोटरसाइकिल बरामद किया गया हैं, उन्होंने यह भी बताया की एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में एक एसआई टी छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक शरद कुमार , सअनि तरुण कुमार , जहांगीर खान एवं शस्त्र पुलिस बल के जवान सामिल थे , जिन्होंने सही दिशा निर्देश पर कार्य करते हुए , उक्त तीनों अपराधियों को समय पर दबोचने में सफल हुए और पुलिस द्वारा गहराई से छानबीन और पुछताछ के क्रम में तीनों अपराधियों ने अपने अपराध स्वीकार करते हुए, अपराधियों ने यह भी बताया की जिला मुख्यालय में फायरिंग कर पीएलएफआई के नाम पर दहशत फैलान की तैयारी थी जो नाकाम हो गई और हम लोग पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिये गए।

## 14 साल बाद गांव लौटा युवक परिजनों में खुशी की लहर



**संवाददाता**

**चतरा:** पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के बरवाडीह पंचायत अंतर्गत कुब्बा गांव निवासी कोलेश्वर यादव 14 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद अपने गांव लौट आया। कोलेश्वर यादव 14 वर्ष पूर्व रोजगार की तलाश में मुंबई गया था, जिसके बाद वह लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इतने वर्षों बाद अचानक कोलेश्वर को अपने गांव की याद आई। मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के बावजूद वह किसी तरह ट्रेन पकड़ कर कोडरमा पहुंचा। वहां से वह पैदल ही हजारीबाग की ओर बढ़ने लगा। रास्ते में एक संवेदनशील व्यवसायी ने उसकी दयनीय स्थिति को देखकर उससे पूछताछ की। पूछने पर कोलेश्वर ने अपना पता पत्थलगड़ा प्रखंड के ग्राम कुब्बा बताया। व्यवसायी ने तत्परता दिखाते हुए कोलेश्वर की फोटो पत्थलगड़ा के व्यवसायी पंकज अग्रवाल को भेजी और उसे एक वाहन में बैठा कर रवाना किया। पंकज अग्रवाल ने तत्काल इस जानकारी को स्थानीय मुखिया संदीप सुमन उर्फ महेश दांगी को दी। हालांकि मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण कोलेश्वर रास्ते में ही कटकमसांडी में वाहन से उतर गया। मुखिया संदीप सुमन के प्रयासों से अगले दिन सुबह कोलेश्वर सकुशल अपने घर पहुंच गया। उसे देखकर परिजनों की आंखें भर आईं और पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। वर्षों बाद बेटे की वापसी से घर का माहौल भावुक हो उठा।

## पत्रकारों के अपमान पर फूटा आक्रोश

### पत्थलगड़ा में आयोजित कार्यशाला में आमंत्रित पत्रकारों की उपेक्षा पर जताया गहरा रोष

**चतरा:** पत्थलगड़ा प्रखंड के जनता उच्च विद्यालय में मंगलवार को स्कूल रुआर कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद प्रतिनिधि, प्रखंड प्रमुख, सभी पंचायत मुखिया तथा पत्रकारों को औपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया था।

कार्यक्रम में आमंत्रण पर पहुंचे पत्रकारों को जिस प्रकार की उपेक्षा का सामना करना पड़ा, उसने आयोजन की गरिमा पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया। न तो उनके बैठने की कोई समुचित व्यवस्था की गई थी और न ही आयोजकों द्वारा उनसे संवाद स्थापित करने की कोई पहल की गई। यहां तक कि किसी ने उन्हें औपचारिक रूप से स्वागत तक नहीं किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग के बीपीओ नीरज कुमार कर रहे थें।इस उपेक्षापूर्ण व्यवहार से क्षुब्ध पत्रकारों ने गहरी नाराजगी जताते हुए इसे पूर्णतः अपमानजनक बताया। उन्होंने कहा कि यदि केवल अपमानित करने के लिए ही बुलाया जाना है, तो ऐसे आयोजनों में सम्मिलित होने का कोई औचित्य नहीं है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के साथ किया गया यह व्यवहार न केवल अस्वीकार्य है, बल्कि आयोजन की मंशा और उसकी गंभीरता पर भी संदेह उत्पन्न करता है।

स्थानीय पत्रकार संघ ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए स्पष्ट कहा है कि भविष्य में यदि पत्रकारों को सम्मानजनक भूमिका और व्यवहार नहीं मिलेगा, तो वे ऐसे आयोजनों से स्वयं को दूर रखेंगे। संघ ने प्रशासन से भी मांग की है कि पत्रकारों की गरिमा की रक्षा के लिए ठोस दिशा-निर्देश सुनिश्चित किए जाएं।

साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं निदान को लेकर दिए दिशा निर्देश



**संवाददाता**

**गुमला :** जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस पर उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आम जनों के विभिन्न मुद्दों की सुनवाई की गई। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त गुमला के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों से एकझएक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

आकाशी पंचायत अंतर्गत पटरूंगी गांव में पूना बांधा के समीप पुलिया निर्माण करने हेतु ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया है। पुलिया निर्माण के लिए ग्रामीणों द्वारा जमीन चिन्हित कर लिया गया है। इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए।

खरका पंचायत अंतर्गत डुमरला गांव में पेयजल की समस्या से ग्रामीण काफी परेशान है। इस गांव में तकरीबन 15 घर है। जहां लोगों की पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा गांव में एक चापानल लगवाने हेतु आग्रह किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए।

कुम्हरिया पंचायत अंतर्गत राजस्व ग्राम धनगांव गांव के जामटोली में सड़क के स्थान पर किसी ग्रामीण द्वारा अवैध रूप से आवास निर्माण कर लिया गया है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपायुक्त महोदय से मिलकर आवेदन दिया है। उक्त स्थान पर पूर्व में रास्ता था,जिसे बंद कर दिया गया है। इनका कहनासे है जांच कर पुनः रास्ता दिया जाए। इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया।

सिसई प्रखंड अंतर्गत उत्तरी बड़गांव के वार्ड 10 एवं 11 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल एवं शौचालय की सुविधा नहीं है। इसके कारण वहां कार्यरत महिला एवं पुरुष कर्मियों को काफी परेशानी होती है। उक्त कर्मियों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल एवं शौचालय निर्माण हेतु आवेदन दिया गया। इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से अबूआ आवास की किस्त,भूमि अधिग्रहण की राशि, रोजगार,आर्थिक सहायता, जमीन मापी,सड़क,नाली,अबुआ आवास,राशन कार्ड में नाम जोड़ना, आश्रित को नौकरी,मानदेय भुगतान, पारिवारिक पेंशन,आधार कार्ड बनवाने हेतु आवेदन एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु आवेदन आये। आज उपायुक्त ने लगभग 30 से अधिक आवेदकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

## कर्मठ व लोकप्रिय हरि कुमार केसरी के चौदह माह का कार्यकाल रहा ऐतिहासिक






**विनय मिश्रा**

**कोल्हान** के पच्चीसवें आयुक्त के रूप में 6 मार्च 2024 को योगदान देने वाले आयुक्त एवं प्रभारी कुलपति रहने वाले हरि कुमार केसरी 30 अप्रैल को सेवानिवृत होंगे। श्री केसरी भारतीय प्रशासनिक सेवा 2010 बैच के लोकप्रिय, कर्मठ एवं अपने दायित्व के निर्वहन के लिए पहचाने जाते हैं । श्री केसरी इससे पूर्व खनन विभाग में पदस्थापित रहने के साथ साथ आईडा के सचिव व गुमला के डीडीसी भी रह चुके हैं श्री केसरी जहां भी पदस्थापित रहे अपने बेहतर कार्यों के लिए हमेशा पहचाने जाते हैं उनका चौदह माह का कार्यकाल काफी उपलब्धि भरा रहा। सेवानिवृत्ति के पूर्व जगन्नाथपुर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विकास कुमार मिश्रा आयुक्त सह पूर्व कुलपति से भेंट वार्ता कर उनके कार्यकाल को काफी सराहा और बेहतर बताया।

विदित हो कि श्री केसरी कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति रहे और विश्वविद्यालय में शिक्षा को भी बेहतर बनाया।सेवा में योगदान देने के साथ ही सेवानिवृत्ति की तिथि तय हो जाती है किंतु ऐसे अधिकारी जो अपने सेवाकाल में अपने कार्यों से अनुकरणीय और प्रेरणास्त्रोत भी रहते हैं।

## सभी पीडीएस दुकानदारों को स्मार्ट पीडीएस वितरण सुनिश्चित करने को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित घाघरा एवं बिशुनपुर प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदारों को स्मार्ट पीडीएस वितरण सुनिश्चित करने को लेकर प्रखंड कार्यालय परिषर घाघरा के सभागार में प्रशिक्षण मुहैया कराया गया। आगामी एक मई से स्मार्ट पीडीएस वितरण के तहत नए सॉफ्टवेयर के माध्यम से पीडीएस दुकानदारो को लाभुकों के बीच राशन आदि का वितरण करना है। उसी नए सॉफ्टवेयर की जानकारी जिले से आये मनीष कुमार एवं मुर्शिद रजा द्वारा दुकानदारों को दिया गया। ज्ञातव्य हैं की केंद्र सरकार चावल, गेंहू एवं चीनी जबकि राज्य सरकार द्वारा दाल, नमक, चावल एवं धोती साड़ी लाभुको को देती है। मौके पर शिशिर शर्मा, निमाज खान, दीपक गुप्ता, श्याम बिहारी शुक्ला सहित घाघरा एवं बिशुनपुर के पीडीएस दुकानदार शामिल थे।



## ऐसे उपायुक्त जिनपर जिला वासियों के साथ- साथ अधिकारियों को भी गर्व है

**विनय मिश्रा**

**पश्चिम** सिंहभूम जिला चाईबासा के 133वें उपायुक्त के रूप में 14 फरवरी 2024 को योगदान देने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के लोकप्रिय, कर्मठ एवं उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पाकुड़, बोकारो के अलावा अपने कार्यों और दायित्वों से जिला प्रशासन की राज्य में पहचान बनाने में सफल रहे हैं। कोल्हान के आयुक्त हरि कुमार केसरी के सेवानिवृत्ति के एक दिन पूर्व उनके कार्यालय पहुंचे तथा कोल्हान के साथ साथ चाईबासा जिला के विकास गति और उपलब्धि पर भी चर्चा की । उपायुक्त श्री चौधरी ने झारखंड के वरीय पत्रकार विनय मिश्रा से बातचीत के क्रम में बताया कि

आयुक्त के रूप में हरि कुमार केसरी का मार्गदर्शन और विकास कार्यों को प्रोत्साहित करने की इच्छा शक्ति काफी प्रेरणास्त्रोत रही तथा इनके कार्यकाल में लोक सभा और विधानसभा के चुनाव बेहतर ढंग से संपन्न हुए। उपायुक्त ने कहा कि सेवाकाल में आने से सेवानिवृत्ति की तिथि भी तय हो जाती है। ऐसे अधिकारी प्रेरणास्त्रोत होते हैं।

## पुलिस केंद्र में रक्तदान शिविर कल



**ज्योति पाठक**

**चाईबासा:** एक मई 2025, अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर पश्चिम सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के सार्थक पहल के फलस्वरूप पुलिस केंद्र-चाईबासा में पूर्वाह्न 9:00 बजे से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला पुलिस बल के पदाधिकारी एवं कर्मी के द्वारा स्वेच्छिक रक्तदान किया जाएगा। इस अवसर पर आम जनमानस से भी आग्रह किया गया है कि रक्तदान शिविर में अत्यधिक संख्या में भाग लें एवं रक्तदान जैसे पुनीत कार्य करें।

**पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि**
**आईए हम यह लें संकल्प**
**रक्त का नहीं है कोई विकल्प**
**रक्तदान है जीवनदान**

# अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण तथा निषिद्ध मादक पदार्थों को रोकने को लेकर की गई कार्रवाई की समीक्षा



**संवाददाता**

**चतरा:** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण तथा निषिद्ध मादक पदार्थों को रोकने हेतु की गई कार्रवाई की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी थाना प्रभारी एवं वन विभाग के पदाधिकारियों से अफीम की खेती के विनष्टीकरण तथा निषिद्ध मादक पदार्थों को रोकने हेतु अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। थाना प्रभारियों द्वारा जानकारी दी गई कि सूचना प्राप्त होने के पश्चात प्राथमिकता के आधार पर अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण का कार्य किया गया है। इसके साथ ही उक्त कार्य में संलिप्त लोगों को चिन्हित करते हुए गिरफ्तारी की भी कार्रवाई की जाती है और विनष्टीकरण वाले स्थल पर दुबारा खेती ना हो इसके लिए थाना स्तर से इसकी निगरानी भी रखी जाती है। उपायुक्त ने थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा अभियान मोड में डोडा, अफीम समेत अन्य निषिद्ध मादक पदार्थों की ट्रांसपोर्टीन ना हो इसके लिए संबंधित के साथ समन्वय स्थापित करते हुए व्यापक जांच अभियान चलाएं।

उपायुक्त ने कहा अफीम की खेती के विनष्टीकरण, रोकथाम एवं आमलोगों को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। सभी संबंधित आपस में समन्वय बनाते हुए भोले भाले लोगों को उक्त कार्य में संलिप्त करने वाले लोगों के ऊपर कठोर कार्रवाई करें। बैठक में उक्त कार्रवाई के अलावे पूर्व में भी की गई कार्रवाई की भी गहनता पूर्वक समीक्षा की गई।

आइये एक नशा मुक्त समाज के लिए एकजुट होंः नशीले पदार्थों की तस्करी/बेचना,परामर्श एवं पुनर्वास,अवैध खेती,विविध / अन्य से संबंधित यदि आपके पास किसी भी गतिविधि के बारे में कोई जानकारी है या आप नशीली दवाओं से संबंधित मामलों में कोई मदद चाहते हैं, तो कृपया इस पोर्टल/वेबसाइट ३३स्त्र२://६६६.ल्लुंल्लं२.ङ्क५.ल्ल/ पर शिकायत कर सकते हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में शामिल हों। सूचना देने वालों का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा।बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी, वन्यप्राणी हजारीबाग, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।